

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 190 | ग्वालियर मंगलवार, 02 मई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## लाडली बहना पहुंचायेंगी शिव को शिखर पर?

मध्यप्रदेश में सत्ता का सेमीफाइनल अब शुरू हो गया है। इसमे शिव ने हाल ही में एक मास्टर स्ट्रोक लाडली बहना का खेला है, जिससे अब उनके शिखर पर पहुंचने की संभावनाओं को बल मिला है। वहीं अब तक शिव के रास्ते में रूकावट का आना कहा जा रहा था।साल के अंत में होने वाले चुनाव में अब मात्र 6 माह का समय बचा है। राजनैतिक दल अब अपना होमवर्क पूरा कर मैदान में उतरने के लिये तैयार है। लेकिन उससे पहले ही शिव %राज% ने मास्टर चाल लाडली बहना योजना का चलकर अभी अपने विरोधियों से एक कदम ज्यादा चल दिया है। लाडली बहना के सुचारू क्रियान्वयन के लिये शिव ने पूरे प्रशासन को झोंक दिया है। उनका



मानना है कि हर पात्र बहना को योजना का लाभ मिले। इस योजना के तहत एक-एक हजार रूपये प्रतिमाह उनके खाते में वह सिंगल क्लिक में डालेंगे। शिव के इस मास्टर स्ट्रोक की काट मुख्य विपक्षी दल के पास भी नहीं है। हालांकि पूर्व सीएम कमलनाथ ने कांग्रेस सरकार आने पर 1500 रूपये माह महिलाओं को देने का वायदा किया है। साथ ही 500 में सिलेण्डर देने की भी घोषणा की है। परंतु सरकार में होने का लाभ अभी शिव ही ले रहे हैं और उन्होंने इसको लाडली बहना के रूप में भुना भी लिया है। बस अब बहनों को उनके सिंगल क्लिक का इंतजार है..

## वंदे भारत ट्रेनः श्रेय विवेक जी को या सिंधिया जी को

**ग्वालियर।** पहली स्वदेशी तकनीक से बनी सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत ट्रेन ग्वालियर में रूकेगी। केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर की मांग और मुलाकात के बाद वंदे भारत ट्रेन का शेडयूल जारी कर दिया गया है, जिसमे वंदे भारत ट्रेन को ग्वालियर के साथ झांसी स्टापेज भी दे दिया गया है। आगरा स्टापेज इसका पहले से ही था।इधर वंदे भारत ट्रेन के स्टापेज के बाद अब ट्रेन के स्टापेज को लेकर श्रेय की राजनीति शुरू हो गई हैं। लोकसभा सदस्य विवेक नारायण शेजवलकर ने जहां केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात व ज्ञापन देने का जो फोटो रिलीज किया हैं, उससे यह स्पष्ट हो रहा है कि विवेक नारायण शेजवलकर ने निश्चित तौर पर प्रयास किये हैं।वहीं दूसरी ओर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जनसपंर्क अधिकारी होने का दावा करने वाले पत्रकार डा. केशव पांडे ने एक प्रेसनोट जारी कर कहा है कि केन्द्रीय मंत्री



सिंधिया ने रेलमंत्री को पत्र लिखकर ट्रेन के स्टापेज का आग्रह किया था। रेल मंत्री ने सिंधिया की भावनाओं का सम्मान करते हुये ग्वालियर में वंदे भारत ट्रेन का स्टापेज रखा है।अभी तक दो नेताओं के अलग-अलग दावों से लोग भ्रम में है कि किसके आग्रह पर वंदे भारत ट्रेन को स्टापेज मिला है। जबकि अभी तक भाजपा में यह होता था कि उपलब्धि पर सभी नेता संयुक्त रूप से प्रेसनोट जारी कर सभी नेताओं का नाम लिखा करते थे। लेकिन सिंधिया के यहां से उनके जनसंपर्क के लोग केवल एक ही नाम डालकर भेज रहे हैं। जिसमे न तो केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर का नाम होता है और न पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा, पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया, पूर्व मंत्री अनूप मिश्रा, ध्यानेन्द्र सिंह, माया सिंह, मंत्रीद्वय प्रघुम्न सिंह तोमर, भारत सिंह कुशवाह, जिलाध्यक्ष अभय चौधरी तक का नाम नहीं होता। जिससे भाजपा की सामूहिक श्रेय की भावना खत्म होती जा रही है और व्यक्तिगत श्रेय की राजनीति चल रही हैं।

## कमलनाथ से मिले ग्वालियर कांग्रेस के नेता

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री बालेंद्र शुक्ला, महामंत्री वासुदेव शर्मा, जीडीए के पूर्व उपाध्यक्ष महाराज सिंह पटेल, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व संगठन प्रभारी महामंत्री लतीफ खान मल्लू, सीनियर लीडर रम्मी भारती ने सोमवार को मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संगठन और आगामी आम चुनावों पर चर्चा हुई। कांग्रेस नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री को ग्वालियर की राजनीति के वर्तमान हालातों से भी अवगत कराया। कमलनाथ ने सभी को मिलजुलकर पार्टी हित में काम करने की बात कही।



## पीएम मोदी कहेंगे तो मैं इस्तीफा दे दूंगा, बृजभूषण सिंह के इस बयान पर प्रियंका गांधी बोलीं- हामी का इंतजार है

भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि पीएम मोदी कहेंगे तो मैं तुरंत इस्तीफा दे दूंगा. अमित शाह और जेपी नड्डा भी कहेंगे तो भी इस्तीफा दे दूंगा. बृजभूषण शरण सिंह के इसी बयान को लेकर प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्वीट पर पीएम पर निशाना साधा है. इससे पहले बीते शनिवार को प्रियंका गांधी ने धरने पर बैठे पहलवानों से मुलाकात कर उनके प्रति समर्थन जताया था. इस दौरान कांग्रेस महासचिव आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार एक बाहुबली और माफिया के सामने नतमस्तक हो गई है. सरकार बृजभूषण शरण सिंह को बचा रही है. उन्होंने कहा कि सबसे पहले बृजभूषण शरण सिंह को उनके पद से हटाया जाना चाहिए.



## अतीक अहमद, अशरफ और असद सभी का था कोड नेम, उमेश पाल हत्याकांड में बड़ा खुलासा

फरवरी के महीने में प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या के मामले में एसटीएफ की टीम ने एक खुलासा किया है जिसके मुताबिक साबरमती जेल में बंद माफिया अतीक अहमद ने साजिश शामिल सभी लोगों को कोड नेम दिए थे. उसने शूटर नियाज को फोन भी किया था और मर्डर को कनफर्म भी किया.

## एक नजर

### सचिन पायलट से मनमुटाव पर सीएम अशोक गहलोत बोले, कर्नाटक में तो..




राजस्थान कांग्रेस में जारी मतभेद की खबरों के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने सोमवार (1 मई) को कहा कि हर पार्टी में, हर राज्य में आपस में थोड़ा बहुत मनमुटाव होता ही है. राजस्थान बीजेपी में जो मनमुटाव है, वो कहीं देखने को ही नहीं मिलेगा. बीजेपी के कई नेता पार्टी छोड़कर कांग्रेस में आ रहे हैं. कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान अशोक गहलोत ने ये बात कहीदरअसल, सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच का मनमुटाव किसी से छुपा नहीं है. हाल ही में सचिन पायलट ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक दिन का धरना भी दिया था. उन्होंने आरोप लगाया था कि मौजूदा सरकार ने पहले की बीजेपी सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर कोई कार्रवाई नहीं की है. इसके अलावा सचिन पायलट ने बीते साल सितंबर के घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कांग्रेस के प्रतिनिधियों और अन्य नेताओं से आह्वान किया था कि वे लोगों और कार्यकर्ताओं के बीच जाएं और उनकी भावनाओं को समझें क्योंकि विधानसभा चुनाव करीब हैं. शनिवार को इसपर कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा था कि वह अतीत की बातों को बहुत आगे नहीं ले जाना चाहते हैं और अब ध्यान भविष्य पर होना चाहिए. गौरतलब है कि राजस्थान कांग्रेस में नेतृत्व में बदलाव को लेकर पिछले साल 25 सितंबर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आवास पर कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी. हालांकि ये बैठक नहीं हो पाई थी क्योंकि गहलोत खेमे के विधायक इस बैठक में नहीं पहुंचे और उन्होंने एक अलग बैठक की थी. गहलोत समर्थक विधायक सीएम पद पर सचिन पायलट की नियुक्ति के खिलाफ हो गए थे. सचिन पायलट ने बीती 23 अप्रैल को इसी घटना का जिक्र करते हुए कहा था कि ये तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के आदेशों का खुला उल्लंघन था. तब मल्लिकार्जुन खरगे और अजय माकन की खुलेआम बेइज्जती की गई. उनके खिलाफ अभी तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? यह सवाल है, इसका जवाब पार्टी के ही पास है.

### बृजभूषण सिंह के आरोपों पर न्यूज़ से दीपेंद्र हुड्डा बोले, अगर 60 प्रतिशत मेडल हरियाणा के खिलाड़ी ला रहे हैं तो..



भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने पर बैठे पहलवानों के आरोपों को बीजेपी नेता ने रविवार (30 अप्रैल) को एबीपी न्यूज़ से बातचीत में सिरे से खारिज कर दिया. उन्होंने कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा और एक कारोबारी का नाम लिया था. वहीं, दीपेंद्र हुड्डा ने भी बृजभूषण शरण सिंह के आरोपों का जवाब दिया है.एबीपी न्यूज़ के साथ हुई बातचीत में उन्होंने कहा, ÷सरकार में कहां तक तार जुड़े हुए हैं? जो इस आरोपी को संरक्षण दे रहे थे. सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करना चाहता हूं. देश के अगर 60 प्रतिशत मेडल हरियाणा के खिलाड़ी ला रहे हैं, तो इसमें हमारी कोई गलती नहीं है.कांग्रेस नेता ने आगे कहा, ÷उनके ऊपर 40 मुकदमे हैं और उन मुकदमों के पीछे किस किस का हाथ तो वो बताएं. वो कभी बोलते हैं कि इसके पीछे कोई उद्योगपति है, कभी बोलते हैं कि इसके पीछे एक बाबा है, फिर बोलते हैं इसके पीछे एक जाति विशेष की लॉबी है. फिर कहते हैं कि बजरंग पुनिया हैं फिर कहते हैं कि दीपेंद्र हुड्डा का हाथ है. अब वो किसी एक बात पर तो टिकें. उन्हें सत्य का सामना करना पड़ेगा.

### सवालों पर गिरी गाज, असम सरकार ने 300 कर्मियों को दिया



असम के पुलिस विभाग में शराब का खासा शौक रखने वाले कर्मचारियों पर सरकार का नया फरमान भारी पड़ा है. दरअसल सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शराब की लत के 300 ऐसे पुलिसकर्मियों को वीआरएस यानी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर भेजने की पेशकश की है. ये एलान सीएम सरमा की तरफ से रविवार (30 अप्रैल) को किया गया. इन कर्मियों की जगह नए भर्ती किए गए नए पुलिसकर्मी लेंगे. इसके लिए पहले ही कवायद शुरू कर दी गई है.सीएम सरमा ने गुरुवार (27 अप्रैल) को सीनियर अधिकारियों और एसपी के साथ एक वर्चुअल कॉन्फ्रेंस की थी. इसमें उन्होंने पुलिस विभाग में सभी को शारीरिक तौर पर फिट रहने पर जोर देने के साथ ही विभाग के आला अधिकारियों को विभाग के डेडवुड यानी बेकार हो चुके कर्मचारियों को हटाने का निर्देश भी दिया था.सीएम ने कहा था, ÷जो लोग शराब पीने के आदी हैं, अत्यधिक मोटे हैं और जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले हैं, उन्हें या तो वीआरएस या सीआरएस मुआवजा दिया जाएगा.÷ उन्होंने डीजीपी और अन्य आला अधिकारियों को यह देखने का निर्देश दिया भी दिया कि क्या अधिकारी शारीरिक फिटनेस एक्सरसाइज में भाग ले रहे हैं, पुलिस स्टेशनों का दौरा कर रहे हैं, मामले दर्ज कर रहे हैं और उन्हें सही तरीके से सुलझा पा रहे हैं ? ÷

## आजम खान के बेटे अब्दुल्लाह आजम को एस सी से राहत नहीं, स्वार सीट पर उप-चुनाव को लेकर भी की अहम टिप्पणी

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्लाह आजम को सोमवार (1 मई) को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली. सुप्रीम कोर्ट ने स्वार विधानसभा सीट पर 10 मई को होने वाले मतदान को रोकने से मना कर दिया. अब्दुल्लाह को एक मामले में 2 साल की सजा मिलने के बाद वह सदस्यता के अयोग्य हो गए हैं. उन्होंने अपनी अयोग्यता पर रोक की मांग की थी.कोर्ट ने सुनवाई जुलाई के तीसरे हफ्ते के लिए टाल दी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम चुनाव पर रोक नहीं लगा रहे. लेकिन उसका परिणाम हमारे अंतिम आदेश पर निर्भर होगा. सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से अब्दुल्ला आजम खान की याचिका पर जवाबी हलफनामा दायर करने को भी कहा.खान ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी जिसमें हाई कोर्ट ने




सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था. अब्दुल्लाह आजम को फर्जी प्रमाणपत्र मामले में रामपुर की स्पेशल कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई थी. इसके बाद उनकी सदस्यता चली गई. इस फैसले के खिलाफ सपा नेता हाई कोर्ट गए थे

## क्या मुंडी पासी ने की शाइस्ता परवीन की मदद? आरोपों पर खुद दिया ये जवाब

माफिया अतीक अहमद की बीवी शाइस्ता परवीन की मददगार होने के आरोपों पर हिस्ट्रीशीटर मुंडी पासी ने चौंकाने वाला बयान दिया है. पासी ने खुद पर लगे आरोपों को सिरे से नकार दिया है. वो खुलकर सामने आई है और उसने खुद पर लगे आरोपों को बेबुनियाद और फर्जी करार दिया है. उसने उल्टा आरोप लगाया है कि अतीक ने उसके भाईयों को मरवाया है और उसकी उससे दुश्मनी है.दरअसल मुंडी पासी पर गैंगस्टर अतीक अहमद की फरार चल रही बीवी शाइस्ता परवीन की मदद करने के आरोप लग रहे थे. इसे लेकर धूमनगंज थाने की महिला हिस्ट्रीशीटर पासी अपने पक्ष रखने के लिए सामने आई.

## सिंधी समाज देश में राहुल गांधी एवं प्रदेश में कमलनाथ के हाथ मजबूत करेगा

ग्वालियर। सिंधी समाज भाजपा की उपेक्षा के चलते अब कांग्रेस के साथ खडा होने लगा है। इसके तहत सिंधी समाज के लोग अब तन मन से देश में राहुल गांधी और मध्यप्रदेश में कमलनाथ के हाथ मजबूत करेगी।उक्त जानकारी आज शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा , जिला उपाध्यक्ष दिनेश पुरूशवानी, दिलीप पंजवानी ने आज पत्रकारों को बताया कि भारतीय जनता पार्टी में अब सिंधी समाज अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहा है। वहीं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जो समाज से थे को भी भाजपा ने समय पूरा होने से पहले ही हटाकर दूसरे को जिलाध्यक्ष बना दिया है। उन्होने बताया कि पार्षदों के लिए हुये चुनाव में भी भाजपा ने समाज के लोगों को टिकट से वंचित रखा और सभी समाजों को टिकट दिये। उन्होंने बताया कि भाजपा लंबे समय से समाज के मतदाताओं पर अधिकार जमाकर उनका शोषण तक कर रही है। उन्होंने बताया कि अब समाज के लोगों ने अपनी आंखें खोल कर वर्षो पुरानी मूर्छा को तोडा है और अब समाज के लोग अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेंगे।



## राहुल गांधी की सदस्यता को लेकर पूरे देश में आंदोलन करेगी कांग्रेसःदिग्विजय सिंह

### – मोदी ऐसा लोकतंत्र चाहते हैं जैसा रशिया और चायना में है

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के महासचिव दिग्विजय सिंह ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने के विरोध में पूरे देश में आंदोलन करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह रूस एवं चायना जैसा लोकतंत्र लाना चाहते हैं।पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह आज यहां अपने प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अडानी के बारे में केवल सवाल पूछा था कि हिडनवर्ग के अनुसार बीस हजार करोड अडानी की कंपनी में किसके लगे थे और किसका पैसा था। और कंपनी कैसी है जिसका निदेशक चायना का व्यक्ति है। उन्होंने कहा कि इस कंपनी को रक्षा का काम करना था तो उसकी सुरक्षा को खतरा नहीं है क्या। इसी को लेकर मोदी की टीम ने 2019 के एक कथित मामले में राहुल गांधी को दो वर्ष की सजा करवाकर उनकी लोकसभा से सदस्यता समाप्त करा दी। उन्होंने बताया कि हिडनवर्ग में जो फ्राड हुआ है इसकी चार सौ पन्नों की रिपोर्ट उन्होंने देखी उसी में इस शैल कंपनी की जानकारी मिली। पहले इस कंपनी का शेयर साढे चार हजार का था बाद में वह 1100 रूपये का रह गया। इससे भारत के लोगों के दस लाख करोड रूपये डूब गये। उन्होने कहा कि क्या इस मामले की जांच नहीं



होना चाहिये थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जेपीसी की मांग रखी लेकिन इसी से प्रधानमंत्री परेशान हो गये। उन्होंने बताया कि इससे पहले बोफोर्स तोप को लेकर भी जेपीसी बनी थी और उसकी रिपोर्ट में बोफोर्स तोप बेहतर मानी गई वहीं कारगिल में बोफोर्स बेहतरीन साबित हुई । उस समय भी विपक्ष की मांग पर जेपीसी का गठन हुआ था। इससे पहले भी सात बार जेपीसी का गठन हो चुका है। कोकाकोला में क्या मिला है इसे लेकर भी जेपीसी बनी थी। अब जब दस लाख करोड डूब गये तो जेपीसी क्यों नहीं बन रही है। मोदी ने काला धन वापस लाने की बात कही। और यह भी कहा कि यदि कालाधन वापस आ गया तो प्रत्येक नागरिक को 15-15 लाख देंगे। बाद में अमित शाह ने उसे जुमला कह दिया। उन्होंने बताया कि 2014 से जुमला ही चल रहा है। नौ साल से कितना कालाधन आया सिफर साबित हुआ। स्विस बैंक में 2021 में तीस हजार करोड रूपये भारत के लोगों ने जमा किये। उलेकिन आया एक भी नहीं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के कहने पर कालाधन के लिए एसआईटी का गठन तो किया लेकिन उसकी रिपोर्ट कहां गई पता नहीं। एसआईटी का क्याहुआ यह भी पता नहीं चला।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अमित शाह के पास 20 हजार करोड रूपये कहां से आए। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि मै ना खाऊंगा और ना खाने दूंगा। लेकिन शायद अब मैं और मेरे लोग खायेंगे । यह कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोविड के समय में प्रत्येक नागरिक की आय कम हुई लेकिन 100 परिवार ऐसे हैं जिनकी आय बढी। पूर्व सीएम ने कहा कि इन सारे प्रश्नों का उत्तर चाहिये। वह जितना भी प्रताडित करना है करें हम पीछे हटने वाले नहीं है। उन्होंने इतना ही नहीं ओबीसी के लोगों का नाम लेना शुरू किया लेकिन प्रधानमंत्री को ओबीसी से माफी मांगना चाहिये।

# कांग्रेस और उनके लोग चम्मच से बोरे बासी खाकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति बिगाड़ने का काम न कर :अरुण साव

## सैंकड़ों वर्षो से बोरे बासी खाने वाले लोगो को राजनीति के तहत ज्ञान न दे कांग्रेस

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी कुमार**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर मजदूर दिवस पर छत्तीसगढ़ के लोगों को बोरे-बासी खाना सिखाने पर कटाक्ष कर कहा है कि 1 मई को श्रमिक दिवस पर मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसगढ़ को बोरे-बासी खाना सिखा रहे हैं! श्री साव ने



कहा कि मुख्यमंत्री बघेल को यह पता होना चाहिए कि छत्तीसगढ़ के लोग सैकड़ों सालों से बोरे-बासी खा रहे हैं।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री साव ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल, उनकी सरकार और कांग्रेस के लोग जो बोरे बासी खा रहे हैं, वह सियासी ड्रामेबाजी से ज्यादा कुछ नहीं है। श्री साव ने कटाक्ष किया कि सरकार और कांग्रेस के लोग चम्मच से बोरे-बासी खा रहे हैं! यह छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को बिगाड़कर अपमानित करने का काम है और मुख्यमंत्री बघेल, उनकी सरकार व कांग्रेस के लोग इससे बाज आएं। श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता जो सैकड़ों वर्षो से बोरे-बासी खा रही है, उसे बोरे-बासी खाना सिखाने का काम न करें।

## नंदकुमार साय का कांग्रेस में जाना औचित्यहीन है- नेताम

# अंदर की कहानी की पड़ताल की जायेगी

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व छत्तीसग? के पूर्व गृहमंत्री वरिष्ठ आदिवासी नेता रामविचार नेताम ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि नंदकुमार साय जी के कांग्रेस प्रवेश से मैं व्यक्तिगत रूप से आहत हूं 7 वे हमारे कुशल मार्गदर्शक एवं मेरे शुभचिंतक हैं। किन्तु आज की परिस्थिति में उनका कांग्रेस में प्रवेश होना एवं उनका वक्तव्य कि उनका यह निर्णय आदिवासी हितों की रक्षा से जुड़ा हुआ है, यह अपने आप में एक बड़ा प्रश्न चिन्ह है। जिन आदिवासी हितों के लिए वर्षो - वर्ष से नंदकुमार साय जी कांग्रेस की खिलाफत करते रहे, आज उसी कांग्रेस की गोद में बैठने से आदिवासी हितों का संरक्षण कहां से हो गया, यह मेरे व किसी के लिए भी समझ से परे है । ऐसे व्यक्ति व समाज का प्रतिनिधित्व करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने जो कुछ भी किया है, इसके लिए प्रशंसा के शब्द भी कम पड़ जाते हैं। एक छोटे परिवार में भी अनबन की स्थिति बनी रहती है किन्तु इसका यह मतलब नहीं कि कोई अपने पड़ोस के परिवार में जा कर शामिल हो जाए। भारतीय जनता पार्टी संपूर्ण समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली हम सभी की एक ब?ी पारिवारिक पार्टी है, ऐसे में आदिवासी समाज के इतने बड़े नेता का कांग्रेस में जाना औचित्यहीन है। निश्चित रूप से इनके कांग्रेस प्रवेश की अंदर की कहानी कुछ और होगी, जिसकी पड़ताल की जायेगी और मेरे साथ, पार्टी का यह प्रयास रहेगा कि नंदकुमार साय जी को वापस उनके वास्तविक कर्म क्षेत्र में ला सकें।

# प्रदेश कांग्रेश के निर्देशानुसार 30अप्रेल को जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद प्रवक्ता चयन हेतु रखी गई बैठक

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**गरियाबंद ।** प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार दिनांक 30। 4। 2023 को जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद में प्रवक्ता चयन हेतु आवश्यक बैठक रखी गई बैठक में प्रदेश कांग्रेस के सचिव एवं प्रवक्ता चयन प्रभारी श्री सारिक रईस खान उपस्थित होकर मार्गदर्शन दिए एवं जिलेभर से चयन हेतु आए प्रवक्ताओं के विचार सुने विभिन्न प्रवक्ताओं ने अपने विचार में प्रदेश के भूपेश बघेल सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से अपने विचार रखे एवं केंद्र की मोदी सरकार के नाकामी एवं जनविरोधी योजनाओं की जमकर आलोचना की तथा हमारे राष्ट्रीय नेता श्री राहुल गांधी एवं अन्य नेताओं पर ईडी सीबीआई जैसे संस्थाओं के द्वारा कार्यवाही किए जाने का विरोध किया। बैठक में विशेष रुप से जिला कांग्रेस के प्रशासनिक महामंत्री ठाकुर ओंकार सिंह फिंगेश्वर जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू गरियाबंद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री मोहम्मद हफीज खान फिंगेश्वर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री रुपेश साहू सेवादल अध्यक्ष श्री सुगर मल आडे प्रह्लाद यदु राम विशाल वर्मा टीकम तारक हेमू साहू अमर सिंह शेष नारायण गुप्ता इच्छा राम निर्मलकर भानु सिन्हा नेपाल यादव रमेश कुमार गंधर्व प्रह्लाद गंधर्व भूपेंद्र साहू युवराज साहू मुकेश यादव अवध यादव श्याम रतन साहू शिव दास मानिकपुरी डगेश्वर ओटी तिहार सिंह टेकाम कल्याण सिंह कपिल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे

## श्री विष्णुदेव साय का सवाल

# जिस कांग्रेस ने पूरे देश और छत्तीसगढ़ को ठगा वो साय जी के साथ क्या न्याय करेंगे?

जिस कांग्रेस ने आदिवासियों का हमेशा अपमान किया, वहां वे कैसे सहज रहेंगे?क्या कोई अनुचित दबाव तो कांग्रेस ने नहीं डाला है साय जी पर?हम सबके लिए श्री नंद कुमार साय हमेशा आदरणीय रहे हैं। उनका इस तरह एक ऐसी पार्टी में चला जाना जिस पार्टी ने निजी तौर पर भी उन्हें प्रताड़ित करने, शारीरिक हमला तक करा उनकी जान तक ले लेने की साज़िश रची हो, निस्संदेह हम सबके लिए दुखद है।श्री साय लगातार कांग्रेस की अनीतियों के विरुद्ध आवाज़ उठा रहे थे। हाल ही में उन्होंने कांग्रेस द्वारा आदिवासी आरक्षण छीने जाने के खिलाफ धरना भी दिया था। उन्होंने पार्टी द्वारा आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम में कांग्रेस सरकार के रहने तक बाल नहीं कटाने का संकल्प भी लिया था।ऐसे में अकस्मात् ऐसी क्या परिस्थिति पैदा हो गयी, जिसके कारण श्री साय ने यह कदम उठाया, यह संदेह पैदा करता है। कहीं किसी अनुचित दबाव में तो नहीं हैं श्री साय, इसे देखना होगा।पार्टी में ऐसा शायद ही कोई बड़ा दायित्व हो, जिस पर श्री साय नहीं रहे हों। 46 वर्ष से अधिक वे पार्टी के महत्वपूर्ण और शीर्ष पदाधिकारी रहे हैं। अविभाजित मध्यप्रदेश भाजपा के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष, लोकसभा सांसद, राज्यसभा सांसद, प्रथम नेता प्रतिपक्ष, विधायक, एसटी आयोग के अध्यक्ष, प्रदेश के कोर कमेटी सदस्य समेत कोई भी पद ऐसा नहीं है जिसे उन्होंने ग्रहण नहीं किया हो। साय जी जैसे वरिष्ठतम नेता इस तरह कांग्रेस जैसी पार्टी के ट्रैप में फँस जायेंगे, भरोसा नहीं हो रहा है।भाजपा का भरोसा साय जी पर हमेशा रहा है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पहले चुनाव के ऐन मौक़े पर जब उनकी पुत्री ने कांग्रेस का दामन थाम लिया था, तब भी श्री नंद कुमार साय पार्टी के शीर्ष नेता रहे थे, और ज़रा भी किसी कार्यकर्ता ने कोई संदेह नहीं किया था। लेकिन वह इतिहास ऐसे ख़राब तरीक़े से दुहराया जाएगा, इसकी रत्ती भर भी उम्मीद नहीं थी।हमें आज भी अपने वरिष्ठ नेता के मान-सम्मान की अधिक चिंता है। स्व. करुणा शुक्ला जी का उदाहरण हमारे सामने है। वे दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थीं, जब कांग्रेस जैसी लगभग स्थानीय पार्टी जितनी हैसियत में रह गयी पार्टी में वे प्रदेश उपाध्यक्ष बनायी गयीं, उसके जिस तरह से कांग्रेस ने उनका इस्तेमाल किया, और एकाकी जीवन जीते हुए, अपने पुराने परिवार के कार्यकर्ताओं की पीड़ा का ज़िम्मेदार समझती हुई करुणा जी जैसे पीड़ा में अंत समय तक रहीं, वह इतिहास है।ऐसे महत्वपूर्ण समय पर, जब कांग्रेस ने आदिवासी आरक्षण से वंचित कर दिया है छत्तीसगढ़ को, श्री साय को प्रखर और मुखर होकर कांग्रेस के ख़िलाफ़ खड़ा होना था।भाजपा कोई कांग्रेस या अन्य ऐसे दल की तरह किसी एक परिवार से नहीं चलती। यहां दायित्व भी लगातार बदलता रहता है। कार्यकर्ता आधारित इस दल में कोई पंचायत या वार्ड का कार्यकर्ता भी शीर्ष तक पहुंच सकता है, जैसे श्री साय भी पहुंचे थे। ऐसे ही हमेशा होते आया है और इस व्यवस्था का सम्मान होना चाहिए।अगर वास्तव में श्री साय ने किसी दबाव में आ कर ही ऐसा कदम उठाया होगा, तो भाजपा के लिए उनके दरवाजे खुले हैं

# छत्तीसगढ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री मोहन मरकाम का ध्रुवागुड़ी में किया गया भव्य स्वागत





**संवाददाता हेमचंद नागेश**

एक दिवसीय दौरे पर बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के ग्राम चिचिया में आए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम का जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति नीरज ठाकुर के नेतृत्व में ध्रुवागुड़ी में वरिष्ठ कांग्रेसी एवम युवा कांग्रेस व सैकड़ों कार्यकर्ताओ के द्वारा जोशीला भव्य स्वागत किया गया इस बीच कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद मोहन मरकाम जिंदाबाद के नारों से नगर गूंज उठा

**इस अवसर पर** -जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष श्रीमती स्मृति नगर ठाकुर बालकृष्ण दुर्गा परमेश्वर मांझी ललित कौशिक सुरेश बघेल पुनीत नेताम यशवंत मरकाम विनोद यादव डिलेश्वर साहू डिगेश्वर मांझी टंकेश्वर नागेश ललिता यादव सीमा शुक्ला श्रद्धा ठाकुर नंदनी त्रिपाठी, पूर्वाचन यादव, नोहर जगत , यूरेंद यादव आदि कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 1 मई को मजदूर दिवस या लेबर डे

# सेल्स रिप्रेजेंटटेटिव यूनियन दमोह के द्वारा विशाल वाहन रैली का हुआ आयोजन



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** कुछ भी कहे ये विश्व में मनाया जाने वाला सबसे बड़ा त्योहार है, जिसमे राजनीति का कोई लेना देना नही है। आज के इस दौर में जब पूंजीवाद तेजी से लाया जा रहा है और श्रमिको के अधिकार तेजी से संकुचित हो रहे है तो इस त्योहार का विशेष महत्व है। मजदूर दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश मेडिकल - सेल्स रिप्रेजेंटटेटिव यूनियन दमोह के द्वारा विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया गया। वाहन रैली स्थानीय अस्पताल चैराहा से प्रारम्भ होकर, घंटाघर, स्टेशन चैराहा, तीन गुल्ली, किल्लाई चैराहा, बस स्टैंड चैराहे से होते हुई ऑफिस पहुंची। रैली के पश्चात बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आज के परिवेश में मजदूरों के अधिकारों और स्तिथि पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुये मध्यप्रदेश मेडिकल - सेल्स रिप्रेजेंटटेटिव यूनियन दमोह के अध्यक्ष कॉम ऋषि तिवारी ने बताया की दुनिया की सर्वश्रेष्ठ रचनाओं का निर्माता मजदूर है लेकिन आज सबसे ज्यादा उपेक्षित है। किस तरह सरकार ने समस्त अधिकार नियोक्ता को दे दिए है। 8 घंटे के काम के अधिकार को भी बड़ी बड़ी कंपनीया और सरकार मिलकर खत्म करने का प्रयास कर रही है। सरकारी उपक्रमों का निजीकरण किया जा रहा है। भविष्य में इसके घातक परिणाम भुगतने पडेगे। यूनियन सचिव कॉम साहिब खान ने बताया की कैसे सरकार ैच्म् ।ब्ज् को खतम करने की कोशिस कर रही है। व्छस्प्छम् दवा कारोबार को बड़ावा दे रही है सरकार को इस पर तुरंत रोक लगानी चाहिए। यूनियन उपाध्यक्ष कॉम, पंकज सेन ने महिला सहकार्मियों को 6 माह का मातृत्व अवकाश देने की वकालत की। यूनियन कोषाध्यक्ष कॉम वेंकटेश शर्मा ने बताया की आजकल की महगाई के इस दौर में जीवन रक्षक दवाओं और उपक्रमों पर ळैज् खत्म होनी चाहिए। इतिहास में पहली बार महगाई अपने उच्चतम स्तर पर है। यूनियन सहसचिव कॉम, सौरभ खरे ने समस्त मजदूरो का न्यूनतम वेतन 26000 करने का प्रस्ताव रखा साथ में मजदूरो के साथ होने वाली दुर्घनाओं के विषय में कड़े कानून बनाने हेतु सरकार से मांग की। बैठक को कॉम, शेख रहीम, प्रशांत जैन, शिवम् तिवारी, अमिताभ शुक्ला, मनीष चैबे, तरुण गर्ग ने भी सम्बोधित किया। मजदूर दिवस के इस कार्यक्रम मे, कॉम जगदीश अग्रवाल, अभय खरे, नीलू बेन, लता हजारी, संदीप खरे शिरीष खरे विक्रम साहू शशिरंजन अरुण गुप्ता समरजीत सिंग ओमप्रकाश हीरेन्द्र मालवीय हेमंत मालवीय कुंदन कुमार शिवम् कुमार अभिषेक ठाकुर प्रभाकर कुमार अजय जैन मनीष कोष्ठी सुरेन्द्र रैकवार शैलेन्द्र मिश्रा पूजा श्रीवास्तव जयकांत दुबे आदित्य गुरु कमलेश रजक आशीष पौराणिक शौरभ अग्रवाल अरविन्द सेन गणेश पटेल सुनील विश्वकर्मा पप्पू कुमार शौरभ शर्मा एवं समस्त सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए वरिष्ट सदस्य कॉम जगदीश अग्रवाल और सफीक खान ने सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

# बंद्रानवागढ़ विधानसभा प्रभारी,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र पंडित ने बीते रविवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण





**संवाददाता हेमचंद नागेश**

*गरियाबंद * भाजपा 3िको महादेव के पवित्रधाम भुतेश्वरनाथ धाम,ग्राम पंचायत मरौदा बुथ (क्रमांक 8) में सरपंच अभिमन्यु ध्रुव की उपस्थिति में भाजपा नेताओं एवं ग्रामीणों के साथ सुनी।साथ ही भगवा गमछे से ग्रामीणों को सम्मानित भी किया गया।विधानसभा प्रभारी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र पंडित ने मन की बात कार्यक्रम के सम्बंध में चर्चा करते हुए कहा कि विगत 9 वर्षों से जनता से प्रधानमंत्री मोदी की रिश्ता मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से अटूट होता जा रहा हैं,महीने के अंतिम रविवार को जनता अपने चहेते प्रधानमंत्री को सुनने के लिए लालायित रहती हैं इसी का परिणाम है की औसतन 23 करोड़ लोग इस कार्यक्रम के हर संस्करण में सुनते आ रहे हैं,जनता में उत्सुकता बनी रहती है की इस बार प्रधानमंत्री जी किस राज्य की कौन सी जानकारी देंगे और राष्ट्र के विकास के सम्बंधित कैसी जानकारी साझा करेंगे।जिसमें प्रमुख रूप से व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव सिंह हुंदल,मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके,ज़िला महामंत्री भाजयुमो युगल समदरिया,पूर्व भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष मुकेश दसवानी,मंडल महामंत्री धनंजय नेताम,बिशे लाल ध्रुव ( बुथ क्रमांक 8 ),मोहान कुलदीप पारा गांव (बुथ क्रमांक 11),दयाराम ध्रुव डूंगरी गांव (बुथ क्रमांक 12),डिगेश्वर ध्रुव बेंदकुरा (बूथ क्रमांक 10) जयवंत यादव जजड़ा (बुथ क्रमांक 6 )भगोली सिंघावला (बुथ क्रमांक 7) साथ ही नंद कुमार सोनवानी कांतिलाल बिसेन, बिहारी ध्रुव दीनदयाल ध्रुव, पवन कुमार सेन, बिहारी ध्रुव ,मनीराम ध्रुव,रेन सिंह सोम,डायमंड मेश्राम सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री कि मन की बात नें बदली गांव की दिशा और दशा

# स्मार्ट गांव कि बात से पड़रिया चल पड़ा विकास की राह पर, जिले और प्रदेश में हो रही पड़रिया थोवन की चर्चा

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** स्मार्ट गांव पड़रिया थोवन दमोह जिले की जबेरा तहसील के खैरी सिंगौरगढ़ ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है। पहले यह भी एक सामान्य गांव ही था, लेकिन प्रधानमंत्री कि मन की बात में जब स्मार्ट गांव ऐप का प्रधानमंत्री ने जिक्र किया और उसके बाद से स्मार्ट गांव के फाउंडर रजनीश वाजपेयी और योगेश साहू जी से बात की, उसके बाद गांव के तमाम युवा साथियों ने सबसे पहले, प्रधानमंत्री की जो सोच है स्वच्छ भारत मिशन उस पर काम करना शुरू किया और गांव में जो युवाओं ने शुरुआत की वह स्वच्छता से ही की है। युवाओं ने गांव की नालियों को ठीक किया, पानी जो यहां वहां बहता था उसको ठीक किया। आज लगभग हर घर में शौचालय है कोई भी खुले में शौच करने नहीं जाता है। उन्होंने कहा



प्रधानमंत्री कि बहुत बड़ी योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुंचाने की उसके तहत हर घर में नल के द्वारा पानी पहुंच रहा है, बड़ी सफलता के साथ इस योजना का संचालन इस गांव में हो रहा है, लगभग गांव से सभी घरों में पानी पहुंच रहा है। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री आवास योजना का गांव में काफी सफलता पूर्वक संचालन हुआ है, सभी के पक्के मकान बने हुए हैं, लोगों ने खुद के पैसे लगाकर अच्छे मकान बनवाए हैं और प्रधानमंत्री की सोच को पूरा किया है। अनुज वाजपेयी बताते हैं, कि पूरे गांव में सी.सी.टी.व्ही. कैमरे लगे हुये है जिससे गांव कि निगरानी होती रहती है जिससे सभी लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। यहां पर पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम है, जो लंदन में रहने वाले श्रीवास्तव हैं उन्होंने जब देखा कि इस गांव के लोग इतना प्रयास कर रहे हैं तो उन्होंने यहां के लिए पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम दिया है। गांव में बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास भी बनी हुई है, गांव के जो कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं हैं वे छोटे-छोटे बच्चों को पड़ाई के साथ-साथ अलग-अलग चीजें भी सिखाते हैं।

# बनासकांठाके अंबाजी मंदिर में विवाह कंकोत्री अर्पित करने वाले नवविवाहितों को मां अंबा के आशीर्वाद के रूप में शुभेच्छा किट दी जाएगी

**पीनल नागर, पुष्पांजली टुडे**

गुजरात । तीर्थस्थल अंबाजी में हर साल पौने दो लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं। तीर्थयात्रियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है क्योंकि अंबाजी में आराम की सुविधाएं बढ़ रही हैं। यदि उनके घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम या विवाह का आयोजन होता है, तो दर्शन के लिए आने वाले तीर्थयात्री माताजी को अपने कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए कंकोत्री माताजी को अर्पन करते हे। भक्त अपने घरों में शुभ अवसरों पर जगदंबा को श्रद्धापूर्वक जगदंबा के चरणों में आमंत्रण पत्रिका अर्पित करते हैं। मंदिर कार्यालय में ट्रस्ट द्वारा व्यक्तिगत रूप से माताजी को



प्रस्तुत किया गया विवाह आमंत्रण पत्रिका स्वीकार किया जाएगा। व्यक्तिगत रूप से दी गई कंकोत्री अंबाजी मंदिर में दर्ज की जाएगी। जगदंबा के पावन अवसर के रूप में अंबाजी ट्रस्ट तीर्थयात्रियों को माताजी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए शुभेच्छा किट प्रदान करेगा। इस किट में कंकू, रक्षा पोटली, प्रसाद, माताजी द्वारा नवविवाहितों को आशीर्वाद स्वरूप माताजी को चढ़ाया गया स्मृति चिन्ह शामिल होगा। जगदजनी जगदंबा भक्तों के शुभ अवसर पर देवस्थान ट्रस्ट द्वारा सुख-समृद्धि और धन-संपत्ति की कामना की जाएगी। श्री अरासुरी अंबाजी माता देवस्थान ट्रस्ट की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह शुभेच्छा किट 1-5-2023 से माई भक्तों को माताजी के आशीर्वाद के रूप में उपलब्ध होगी।

# शादी के नाम पर ठगी करने वाली महिला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मेहंगाव थाना निरीक्षक रविन्द्र शर्मा ने बताया कि पिछले एक वर्ष से फरार महिला व उसके साथियों के विरुद्ध थाना मेहगांव में 420, 419, 471, 294, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध था, एक अविवाहित पुरुष से पैसा लेकर की शादी, शादी के कुछ दिन बाद जेवर लेकर फरार हो गई थी दुल्हन गैंग के तीन सदस्यों को पूर्व में पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है । मेहगांव पुलिस मुखबिर की सूचना पर गोहद चौराहा से गिरफ्तार किया पकड़ी गई आरोपी महिला से एक सोने की चैन व अन्य सामान बरामद किया है।दिनांक 18/09/2021 को शिवकुमार शर्मा उर्फ अंगद पुत्र सियाराम शर्मा निवासी लिलोई थाना गोरमी ने थाना मेहगांव पर रिपोर्ट लिखवाई की अरविंद तिवारी ,उमा देवी शर्मा



व सोनू शर्मा सभी निवासी ग्राम गुर्जरा थाना मेहगांव ने मुझसे 300000 रुपये लेकर मेरी शादी पूनम नाम की एक महिला से कराई जो शादी के कुछ दिन बाद मेरे जेवर लेकर भाग गई । इस पर सभी के विरुद्ध थाना मेहगांव में अपराध क्रमांक 367/ 21 धारा 420 ,294 ,506 419, 471,34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान तीनों आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है, उक्त महिला घटना दिनांक से फरार थी उक्त महिला को गोहद चौराहा से गिरफ्तार किया गया और उक्त महिला के कब्जे से सोने का सामान तथा अन्य सामान जप्त कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया । महिला आरोपी का नाम पूनम अड़िया निवासी राजाखेड़ी,सागर बताया गया है।उक्त महिला की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा,सहायक उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह गुर्जर ,आरक्षक रामखिलाडी महिला आरक्षक लक्ष्मी थाना अमायन की मुख्य भूमिका रही ।

# मंदिर से घंटा चुराने वाला आरोपी मेहगांव पुलिस की गिरफ्त में

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**24 घंटे के अंदर पकड़ा गया चोर , माल भी हुआ बरामद**




**मेहंगाव ।** दिनांक 30/04/23 को शाम के समय भद्रकाली माता मंदिर वेयर हाउस के पुजारी ने थाना मेहगांव उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट लिखवाई कि जब मैं मंदिर पहुंचा तो मैंने देखा मंदिर में टंगे पीतल के पांच छोटे तथा एक बड़ा घंटा गायब थे जंजीर कटी डली थी मंदिर में रखी दान पेटी का ताला टूटा हुआ था उसमें से पैसे गायब थे कोई अज्ञात चोर मंदिर का ताला तोड़कर मंदिर में घंटी व दान पेटी का ताला तोड़कर चोरी कर के ले गया है इस पर थाना मेहगांव में अपराध क्रमांक 107 /23 धारा 457 ,380 भादवि का दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे व एसडीओपी मेहगांव आरकेएस राठौर द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार तत्परता के साथ मुखबिर सूचना पर थाना मेंहगांव पुलिस द्वारा एक आरोपी को सरकारी वेयर हाउस मेहगांव से पकड़ा गया पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 6 पीतल के घंटे तथा चोरी गए रुपए बरामद किए गए ।आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी मेहगांव निरीक्षक रविंद्र शर्मा,सहायक उपनिरीक्षक अशोक तिवारी, रामप्रकाश शर्मा,आरक्षकगणो में दिनेश मुद्गल, अवनीश चौहान,मायाराम की मुख्य भूमिका रही ।

# भगवान परशुराम का निकला भव्य चल समाहरो

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस-** भगवान परशुराम का निकला भव्य चल समाहरो भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का चल समाहरो पूजा अर्चना के बाद हजारो की संख्या में बिप्र बंधु रेस्ट हाउस अतरी से परशुराम भगवान के चल समाहरो में शामिल हुये भगवान परशुराम के चल समाहरो में कई प्रकार की झांकी सहित भगवान परशुराम के चित्र के साथ चल समाहरो शहर के पहाड़गढ़ रोड,मुकट विहारी मंदिर, पुरानी सब्जी मंडी, शास्त्री मार्ग, जवाहर मार्ग, चोडा खरंजा,डोंगरपुर, टाकीज गली, से होते हुई ब्राह्मण धर्मशाला तक निकाला गया चल समाहरो में निकल रही झांकियो ने लोगो का मन मोहलिया चल समाहरो के निकले पर लोगो ने शहर में छतो से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया चल समाहरो में जय जय परशुराम भगवान के नारो से शहर गुजयांन हुआ चल समाहरो में बग्गियों पर कई साधु संत विराज मान थे इस चल समाहरो में जिले भर से ब्राह्मणो सहित अन्य समाज के लोग भी शामिल हुए सभी ब्राह्मण बंधु माथे पर तिलक



लगाकर पिले वस्त्र धारण कर भगवान परशुराम के प्रतीक चिन्ह के साथ चल रहे थे बही इस चल समाहरो का शहर में कई जगह राजनेता, समाज सेवी, अन्य लोगो ने भव्य स्वागत किया एव चल समाहरो में पधारे साधु संतों से आशीर्वाद लिया बही चल समाहरो में प्रशाशनिक अधिकारियों की सरहनीय भूमिका रही बही परशुराम भगवान के चल समाहरो का समापन ब्राह्मण धर्म शाला पर किया गया समापन के बाद उपस्थित सभी लोगो ने भगवान परशुराम की आरती कर आशीर्वाद लिया एव सभी को अन्न कूट प्रसादी का बितरण किया गया एव जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया बही भगवान परशुराम चल समाहरो का स्वागत एव संयोग करने वाले में सभी जगह से पधारे ब्राह्मण बंधु एव अन्य समाज के सभी लोगो का आयोजन सीमित के सुरेश उपाध्याय, सुरेश शर्मा,अशोक शर्मा,देवा शर्मा,रमाकान्त शर्मा, हेमंत मुदगल,मुकेश शुक्ला, केशव शुक्ला,ब्रजेश शर्मा (भूरे), दिनेश हरदेनिया (पार्षद)मुकेश दुबे, प्रवीण करसोरिया, मुकेश मरैया, कमलेश अवस्थी,संदीप मोहित शुक्ला (पार्षद) मरैया, अवदेश पाराशर, कुलदीप बलोठिया,राजू मुदगल, सोनू पाराशर (पत्रकार) ,योगेश शर्मा, विक्की उपाध्याय, मोहित सहित सभी ने आभार व्यक्त किया है

# किसान को उचित मूल्य नहीं मिला तो किसान कांग्रेस सौपेगी ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** किसान कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया ने प्रेस को जारी प्रेस नोट में बताया कि मध्य प्रदेश की सरकार शिवराज सिंह की सरकार ने 5400 सौ रुपए प्रति कुंतल समर्थन मूल्य आदेश किया था आज तक भिंड जिले में समर्थन मूल्य पर जो खरीदी हो रही है, वह शासकीय खरीदी हो रही है व्यापारी आज भी भिंड जिले में 4800 रुपए कुंटल सरसों की खरीद कर रहा है जबकि सरकार के आदेशानुसार अन्य जिलों में व्यापारी समर्थन मूल्य पर खरीदी कर रहे हैं पता नहीं इस भिंड जिले में प्रशासन किस सांठगांठ से व्यापारियों को आदेश क्यों नहीं दे रहे हैं, नर्मदा पुरम जिला के जिलाधीश ने यह आदेश पारित करके व्यापारियों से खरीदी 5400 सौ रुपए अनिवार्य कर दी है, उनका आदेश पत्र में चलन कर रहा हूं, मैं निवेदन करता हूं भारतीय जनता पार्टी के मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं से कि अगर अन्य जिलों में व्यापारियों को 5400 सरसों खरीदने का आदेश दिया गया है तो भिंड जिले में क्यों नहीं दिया गया है 5 तारीख तक समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं की गई तो कलेक्ट्रेट भिंड में ज्ञापन देकर के आंदोलन किया जाएगा । 10 तारीख को गजेंद्र सिंह भदोरिया अध्यक्ष जिला किसान कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ज्ञापन दिया जाएगा।

# एक शाम गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या का हुआ आयोजन



**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली ।**श्री मरुधर केसरी गौशाला रणसी गांव मैं एक शाम गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जैन संत राकेश मुनि महंत श्री प्रताप पुरी महाराज, श्री समता राम महाराज ने सानिध्य प्रदान किया राजस्थान के प्रसिद्ध भजन कलाकार ओम मुंडेल एवं रमेश माली ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जिस से श्रद्धालु भाव विभोर हो गए महात्माओं ने अपने प्रवचन में कहा पृथ्वी पर गाय ही सबसे पवित्र प्राणी है सरकार को चाहिए कि गाय को राष्ट्रमाता घोषित करें एवं गोसेवा मानव जाति का कर्तव्य है मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा गांधी जी ने कहा था स्वराज से भी ज्यादा जरूरी है गोवंश की रक्षा संत विनोबा भावे ने कहा भारत पूर्ण रूप से खुशहाल तभी बन सकता है जब यहां पर पूर्ण रूप से गोवंश हत्या पर प्रतिबंध लगे उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शेखर कुमार यादव ने कहा गाय की उपयोगिता को देखते हुए केंद्र सरकार को चाहिए कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करें और गौ रक्षा के लिए कड़े कानून बने गाय की सेवा किसी एक जाति विशेष का नहीं मानव जाति का कर्तव्य है गाय हिंदुओं की आस्था है एवं किसी की आस्था पर चोट करने से देश कमजोर होता है। मुणोत ने यह भी कहा गौशालाओं में गाय सुरक्षित तो है लेकिन वह सुखी तभी रह सकती है जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति गौसेवा में हाथ आगे बढ़ाएं इस अवसर पर बाबू सिंह मोहराई, महेंद्र वैष्णव, हेमराज, हनुमान माली विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे जगदीश टॉक एवं रणसी गांव के सरपंच सवाई सिंह चंपावत ने अतिथियों एवं दानदाताओं को सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन प्रमोद परिहार ने किया।

**समाजवादी विचारधारा के मजबूत स्तंभ थे स्व. बोहरे**

# मई दिवस एवं पूर्व विधायक बौहरे की 42 वी पुण्यतिथि पर अहरोली काली में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**अटेर ।** अटेर के पूर्व विधायक स्व. हरिज्ञान सिंह बोहरे की 42 वी पुण्यतिथि के मौके पर अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस कार्यक्रम उनकी जन्मस्थली ग्राम अहरोली काली की तिवरिया पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित हुए लोगों ने स्व. बोहरे की समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवती प्रसाद बौहरे ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माधोराम बोहरे ने कहा कि इंसान की मृत्यु दो चीजों उसकी आत्मा एवं स्मृति को नष्ट नहीं कर सकती स्मृतियां किसी इंसान के नेक कामों की होती हैं हरिज्ञान सिंह बौहरे ऐसे ही उदारमना पुरुष थे, जो लोगों के दिलो दिमाग में हमेशा जीवंत रहेंगे। वयोवृद्ध किसान रामप्रकाश बौहरे ने कहा कि स्व. हरिज्ञान सिंह बोहरे समाजवादी विचारधारा के मजबूत स्तंभ थे उन्होंने ताजिंदगी किसानों एवं मजदूरों के हितों के लिए संघर्ष किया हमें उनसे प्रेरणा लेकर अन्याय अत्याचार एवं शोषण के खिलाफ एकजुट होकर अपने हकों की आवाज को बुलंद करना होगा. कार्यक्रम संयोजक बीके बौहरे ने कहा कि आजादी



के बाद 1960 और 70 के दशक के दौरान जब लोहियावादी राजनीति नेहरूवादी प्रभुत्व को तोड़ने की कोशिश कर रही थी तब स्व. बौहरे ने भिंड के समाजवादी किसान नेता रघुवीर सिंह कुशवाह एवं समाजवादी विचारधारा के अन्य साथियों के साथ कड़ी मेहनत कर कांग्रेस से किसानों का मोहभंग कराते हुए समूचे ग्वालियर चंबल अंचल में समाजवादी विचारधारा को मजबूती के साथ स्थापित किया इस दौरान तमाम सारे समाजवादी विधायक अपने-अपने क्षेत्रों से जीतकर मध्य प्रदेश की राजनीति में आगे आए वर्तमान परिस्थितियां भी समाजवादी विचारधारा के पुनर्स्थापित होने की ओर इशारा कर रही हैं।कार्यक्रम के अंत में आशीष बौहरे ने उपस्थित हुए लोगों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर योगेंद्र नाथ बोहरे, नंदन बोहरे ,उदयवीर सिंह भदोरिया, रामकुमार बोहरे, छोटेलाल बौहरे मान सिंह राठौर, अशोक बोहरे सियाराम बघेल, दिलासाराम बोहरे, गिर्राज बोहरे ,अभिलाख सिंह भदोरिया, सुरेश बौहरे, प्रहलाद बोहरे ,संजय बोहरे, मोनू राठौर, हरिओम बोहरे, लोकेंद्र बोहरे, सोनू बघेल,जगदीश बोहरे ,प्रमोद बोहरे, नरेश बोहरे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण सनातन को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया : श्रीश्री राणानंद जी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रौन । म.प्र. जन अभियान परिषद (योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग म.प्र. शासन) विकासखंड रौन, द्वारा जनपद सभागार रौन में आचार्य शंकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एकात्म पर्व आचार्य शंकर जीवन दर्शन व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्री 1008 राणानंद जी सरस्वती, श्री श्री 1008 रंजीतानंद जी सरस्वती,श्री श्री 1008 कुंजबिहारीदास जी महाराज, मंडल अध्यक्ष भाजपा अवधेश बघेल के मुख्य आतिथ्य एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक जयप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य शंकर एवं भारतमाता के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जय प्रकाश शर्मा ने कहा शासन की मंशा अनुरूप आचार्य शंकर की जन्म जयंती पर उनके विचारों को नीचे तक ले जाने हेतु इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं, श्री शर्मा ने एकात्म पर्व का उद्देश्य एवं कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए स्वागत भाषण पडा। नवांकुर संस्था से वी पी त्यागी ने कहा म. प्र. जन



अभियान परिषद समाज को शासन के साथ जोड़ने के लिए कार्य कर रही हैं यह देश को आगे बढ़ाने के लिए सार्थक कदम है। इस प्रकार के कार्यक्रम से सामाजिक जीवन को दिशा मिलती हैं।मुख्य अतिथि की आसंदी से संत श्री 1008 राणानंद जी सरस्वती ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि आचार्य शंकर ने भारत को अद्वैत वेदांत का दर्शन कराया है। आचार्य शंकर का जन्म आज से 788 वर्ष पूर्व हुआ। उन्होंने अपनी अल्प आयु सन्यास गृहण कर 32 वर्ष की आयु तक पूरे सनातन को एक सूत्र में बांधने के लिए भारत भ्रमण करके चार मठों की स्थापना की। जिसने भारत को पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण जोड़ने का काम किया है। आज हमें भारतीय संस्कृति को पहचानें की आवश्यकता है। सिद्धबाबा मंदिर के संत श्री 1008 रंजीतानंद जी सरस्वती ने उनके जन्म जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मात्र 08 वर्ष की आयु में आदि गुरु शंकराचार्य जी ने सभी वेदों का प्राप्त कर लिया था। शंकराचार्य जी ने गोवर्धन पुरी मठ, श्री गिरी पीठ, शारदा मठ, ओर ज्योतिरणमठ की स्थापना की। बालाजी मंदिर के संत श्री 1008 कुंजबिहारीदास जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि समाज में धर्म का जागरण करते हुए शंकराचार्य जी के विचारों को आगे ले जाना है समाज में सामाजिक समरसता का भाव लाना हैं। अवधेश बघेल ने कहा जन अभियान परिषद अपनी प्रस्फुटन समितियां, एसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजना के साथ-साथ महापुरुषों के विचारों को भी नीचे तक ले जाने का काम कर रहा हैं। इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण जनों में निश्चित ही जागृति आएगी। कार्यक्रम का संचालन प्रेम नारायण बरुआ और आभार प्रदर्शन डॉ.शिवेंद्र सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर नरेश त्यागी, वी पी त्यागी, अनिल बोहरे, निशा राजावत, मनोज शर्मा, प्रमोद तिवारी, रामबीर राजावत, नरेंद्र सिंह, राय सिंह, अमित गोस्वामी, शर्मिला शर्मा, शिवराम सिरोटिया सहित प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था, मेंटर्स एवं सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं सहित लगभग एक सैकड़ा लोगो की भागीदारी रही।

# जयकारों के साथ हुआ सीरवी समाज भवन का उद्घाटन

**कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब**



**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

**पाली** ।मारवाड़ जक्सन निकटवर्ती चेलावास गांव में सीरवी समाज बडेर की 12वी.वर्षगांठ एंव नवनिर्मित भवन का उद्घाटन धर्मगुरू दीवान माधवसिंह ने किया। चेलावास ग्राम के मुख्य से होकर बडेर तक वरघोड़ा निकाला गया ।शोभायात्रा में ढोल के मधुर स्वर पर नृत्य करते युवा एंव मंगलगान करती महिलाएं शामिल हुई। जयकारों के साथ शोभायात्रा मंदिर पहुंची जहां दीवान माधवसिंह ने मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की ।सभा का शुभारंभ भवन में आईमाता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ । धर्मगुरू दीवान साहब ने कहा कि मंदिर प्रतिष्ठा के बाद समाज ने दिन दूनी चार चौगुनी प्रगति की।क्षेत्र पर माता की कृपा रही और समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ा। उन्होंने कहा कि समाज की हर संस्था को संकल्प लेना चाहिए कि वे अपने क्षेत्र में भी ऐसा सुंदर भवन का निर्माण करेगें। बैल टीका की बोली के लाभार्थी बाबूलाल लछेटा, दीवान साहब के टीका की बोली के लाभार्थी खेताराम परिहार, भवन उद्घाटन बोली के लाभार्थी चिमनाराम चोयल और भी अन्य बोली के लाभार्थी ढगलाराम परिहार, घीसाराम काग,चिमनाराम चोयल, भंवरलाल काग वीरमराम पवांर, राजाराम पवांर ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर बोली में हिस्सा लिया । समाज की ओर से भवन निर्माण चढ़ावों के लाभार्थी परिवारों का सम्मान किया गया ।मंच संचालन नारायणलाल लचेटा ने किया ।उन्होनें कहा कि भवन हमारी आने वाली पीढ़ी भी भवन से आकर्षित होकर भविष्य में समाज के कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी बढ़ाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चेलावास गांव के ठाकुर शरवणसिंह बलेबेट बडेर के पूर्व अध्यक्ष नारायण लाल गेहलोत, सह-कोषाध्यक्ष लक्ष्मण राम गेहलोत, सह -सचिव दलाराम देवड़ा, एस.एच. आर लेआउट



बडेर के अध्यक्ष फाउलाल परिहारिया, सीरवी समाज कर्नाटक के अध्यक्ष वीरमराम सोलंकी सहित कोटवाल राजाराम काग ,जिमेदार मेघाराम लचेटा एवं समस्त पंचगण मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

### आम चुनाव से पहले विपक्षी दलों की बढ़ेगी गोलबंदी

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार का लोकार्पण करते हुए विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया. उन्होंने कहा कि सभी भ्रष्टाचारी एक मंच पर साथ आ रहे हैं. भारत विरोधी शक्तियां एकजुट हो रही हैं. उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी सरकार ने भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जो ऑपरेशन चलाया, इससे उनकी जड़ें हिल गई हैं. ऐसी स्थिति में मुझे लगता है कि अभी जो राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त हुई है सूरत के एमपी-एमएलए कोर्ट का फैसला आने के बाद और उसमें उन्हें दो साल की सजा सुनाई गई है तो इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष गोलबंद हो गया है. दूसरी बात यह की अडानी के संदर्भ में जो हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आई है उसे लेकर विपक्ष लगातार प्रधानमंत्री के अडानी के साथ नजदीकी को लेकर सवाल उठा रहा है. इस मुद्दे पर बार-बार संसद में हंगामा के चलते कार्यवाही भी बाधित हो रही है. उसमें मुख्य रूप से कांग्रेस और विपक्ष की तमाम पार्टियां जो हैं वो प्रधानमंत्री पर हमलावर हैं. उनका ये सीधा आरोप है कि अडानी का जो प्रमोशन हुआ है वो नरेंद्र मोदी के गुजरात में मुख्यमंत्री रहने से लेकर प्रधानमंत्री बनने के बाद भी जारी है. विपक्ष का कहना है कि मोदी ने केंद्र में आने के बाद अडानी को तरह-तरह की रियायत दी हैं, जिसके कारण चाहे एयरपोर्ट हो या कोयला का खदान और अन्य सरकारी ठेके अडानी को दिये गए हैं. अडानी उद्योग समूह को बैंकों से लाखों करोड़ रुपये के कर्ज मिले हैं. एलआईसी और ईपीएफ से कर्ज मिले हैं....कुल मिलाकर विपक्ष का यह आरोप है कि अडानी की प्रधानमंत्री के साथ नजदीक होने के चलते वो फल-फूल रहे हैं और न सिर्फ देश बल्कि विदेशों में भी उन्हें कई काम मिलें हैं. हिंडनबर्ग रिपोर्ट के आने के बाद जिस तरह से अडानी समूह को 12 लाख करोड़ रुपये का गच्चा लगा है छोटे निवेशकों का तो इस मामले में प्रधानमंत्री जी मुख्य निशाने पर हैं. अब जवाब में चूंकि कांग्रेस और अन्य क्षेत्रीय दलों के नेता कहीं न कहीं भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे रहे हैं. आप चाहे बिहार, बंगाल या यूपी या महाराष्ट्र को ही देख लीजिए तो जो भी क्षेत्रीय दल हैं चाहे वो एनसीपी हो, समाजवादी पार्टी हो, राजद हो या टीएमसी और आम आदमी पार्टी तो ये जितने भी दल हैं सब के नेता कहीं न कहीं भ्रष्टाचार के मामलों से घिरे हुए हैं. राहुल गांधी की सदस्यता जाने को लेकर 13 विपक्षी दलों ने राष्ट्रपति को चिट्ठी लिखी है. प्रधानमंत्री जी को चिट्ठी लिखी है और ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग करने को लेकर और विपक्षी नेताओं को परेशान करने को लेकर सभी ने संयुक्त बयान जारी किया है. अब राहुल गांधी की सदस्यता का ही मुद्दा देख लीजिए तो सभी पार्टियों की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में एक पीआईएल याचिका दायर की गई है. लेकिन यह भी देखने की बात है कि जो कार्रवाई हुई है वो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप हुई है चूंकि 2013 में जो सर्वोच्च न्यायालय ने जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत जिस धारा को निरस्त कर दी गई थी उसके तहत कार्रवाई की जा रही है...तो इस अधिनियम को निरस्त करने के लिए एक याचिका दायर की गई है. स्वाभाविक रूप से भ्रष्टाचार एक मुद्दा हो गया है. अभी राहुल गांधी ने न सिर्फ अडानी को संरक्षण देने के लिए बल्कि नीतियों को सरल बनाने का भी केंद्र सरकार पर आरोप है बल्कि राहुल गांधी ने तो सीधा-सीधा यह भी आरोप लगा दिया है कि अडानी समूह में 20 हजार करोड़ रुपये की जो पूंजी वो भाजपा के नेताओं ने लगाई है. अब इस आरोप पर लगातार संसद में जेपीसी गठित कर जांच करने की मांग हो रही है और अब लोगों में भी कहीं न कहीं यह अवधारणा बनने लगा है कि अडानी के मामले पर केंद्र सरकार जो वो बैकफुट आती दिख रही है. हालांकि इसकी जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक कमेटी बनाई है लेकिन जेपीसी की मांग से केंद्र सरकार भाग रही है. मंगलवार को जब नई दिल्ली में भाजपा कार्यालय में आवासीय परिसर का उद्घाटन का मौका था तो प्रधानमंत्री ने कहा कि सारे भ्रष्टाचारी एक हो गए हैं और हमने जो भ्रष्टाचार रोकने के लिए अभियान छेड़ा है वो रुकने वाला नहीं है. इससे पहले भी जब ईडी और सीबीआई ऑफिसर्स की बैठक हुआ थी तो उस दौरान भी प्रधानमंत्री ने कहा था कि केंद्रीय एजेंसियों को हड़बड़ाने की जरूरत नहीं है और उन्हें यह भरोसा दिलाया था कि आप अपनी कार्रवाई भ्रष्टाचारी नेताओं के प्रति, व्यापारियों के खिलाफ हो या राजनेता के खिलाफ आप उसे जारी रखिये. तो यही बात उन्होंने कल भी कही और यह सभी विपक्षी दलों के लिए था. उन्होंने विपक्ष के किसी भी नेता का बिना नाम लिए उन सभी पर निशाना साधा है उन्होंने संयुक्त रूप से अभी ईडी और सीबीआई की जांच को लेकर विरोध जताया है.*

# मन की बात सुनाने की मजबूरी

देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात का शतक पूरा हो रहा है। माननीय को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं।2014 से मन की बात करने वाले वे देश के पहले प्रधानमंत्री हैं।मन की बात ,मन से करना आसान काम नहीं। प्रधान जी के मन की बात का नसीब है कि उसे आकाशवाणी से प्रसारित किया जाता है। आकाशवाणी जमीन के लोगों के मन की बात कभी नहीं करती। आकाशवाणी देवताओं की वाणी है। आदिकाल से है। त्रेता में भी थी, द्वापर में भी रही और कलियुग में तो है ही। आकाशवाणी पर जनता का नहीं , सरकार का अधिकार होता है।होना भी चाहिए। जनता आकाश तक कभी पहुंच सकती है क्या ?माननीय प्रधानमंत्री के मन की बात सुनना राष्ट्रीय कर्तव्य है।सुनो तो कुछ मिलेगा ही और अनसुना किया तो नुकसान ही नुकसान।अब मन की बात के सौवें एपीसोड को सुनाने के लिए सरकार ने भाजपा को जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी ब्लाक स्तर पर कम से कम सौ कार्यकर्ता जुटाकर उन्हें प्रधानमंत्री जी के मन की बात सुनाएगी। ये कार्यकर्ता पर है कि वो मन की बात को मन से सुने अथवा न सुने।मेरे पास मन की बात सुनने के लिए रेडियो नहीं है, फिर भी मैं इधर,उधर से प्रधानमंत्री जी के मन की बात सुनता हूं। ये मेरी दरियादिली समझ लीजिए या देशप्रेम! आपकी मर्जी है।मन की बात मेरी समझ में आए या न आए, इससे मन की बात पर कोई फर्क नहीं पड़ता। वैसे भी प्रधानमंत्री जी पर किसी चीज से कोई फर्क नहीं पड़ता।वे देवता हैं और देवताओं पर इनसानों की बात कभी असर नहीं डालती। डाल भी नहीं सकती।मैंने सबसे पहले मन की बात आई एस जौहर के श्रीमुख से 1973 में सुनी थी। उन्होंने फिल्म इंतजार में मन्ना डे की आवाज में वर्मा मलिक द्वारा लिखी मन की बात का सस्वर पाठ किया था।जौहर के मन की बात मुझे पचास साल बाद भी याद है, क्योंकि वो सबके मन की बात थी। आज की तरह केवल प्रधानमंत्री जी के मन की बात नहीं। प्रधानमंत्री जी को बार बार मन की बात करना पड़ती है क्योंकि जनता उसे एक कान से सुनकर दूसरे कान से बाहर निकाल देती है।बात अगर जनता के मन की हो तो सालों साल याद रहती है। बात जब मनमानी की हो तो उसे याद रखना मुश्किल होता है। मन की बात और बेमन की बात में भेद है।अगर आप सचमुच सच्चे मन से मन की बात करें तो उसे सुनाने के लिए सरकार या पार्टी को तामझाम नहीं करना पड़ते। जनता सौ काम छोड़कर मन की बात सुनती है। लेकिन %समरथ को नहीं दोष गुसाईं %वाली बात है। प्रधानमंत्री जी समर्थ हैं,पूरे देश को अपने मन की बात सुना सकते हैं। कोई उन्हें रोक नहीं सकता। रोकना भी नहीं चाहिए।प्रधानमंत्री जी के मन की बात पर आप शोध कर सकते हैं। पीएचडी हासिल कर सकते हैं। प्रधानमंत्री जी के मन की बात के सभी एपीसोड सुरक्षित है। बहरहाल मैं आपको 1973 में पहली बार की गई मन की बात पढ़वाता हूं।

मन की बात
*****
मन को पिंजरे में न डालो
मन का कहना मत टालो
मन को पिंजरे में न डालो
मन का कहना मत टालो
अरे मन तो  है एक उ?ता पंछी
जितना उडे उड़ा लो

क्यों रे चेले झूठ कहा
नहीं गुरु जी बिलकुल सच
थैंक यू वेरी मच
*
मन को पिंजरे में न डालो
मन का कहना मत टालो
*

मन को पिंजरे में न डालो
मन का कहना मत टालो
*
ढीली छो? दो मन की लगाम
अमर हो जाये जग में नाम
जिसके मन ने किया भाई है
जिसके मन ने किया भाई है
उसने देखो मुक्ति पायी है




मन को पिंजरे में न डालो
मन का कहना मत टालो
*
मन जो काहे के प्यार करो
एक बार नहीं सौ बार करो
ये प्यार दिया उसने निभाने के लिए
जी प्यार दिया उसने निभाने के लिए
रूप दिया सिर्फ दिखाने के लिए
आँखे बनाई है लड़ाने के लिए
तो दिल दिया उसने मिलाने के लिए
अरे प्यार एक पुण्य है प्यार है जप
नहीं होता तो भी करो अपने आप
प्यार कोई पाप नहीं प्यार है मिलाप
प्यार बिना जीवन है टोटल फ्लॉप
पुण्य पाप के चक्कर में
कोई पद के सके न बच

मन कहे अगर व्हिस्की पियो
फिर जिसकी मिले तुम उसकी पियो
अरे पीने की ची? है ये
करो मत गम
अरे पीने की ची? है ये
करो मत गम
कभी नहीं सोचना के ठर्रा या राम
इतनी पियो के उखड जाये दम
बाटली मिले तो बाटली ?तम
अरे जब व्हिशकीसे मन भर जायेगा
भर जायेगा तो तौबा कर जायेगा
मन पे जो कोई काबू कर जायेगा
भव सागर से वो तर जायेगा
मोटी अकल वाले न समझे
मेरी बात बारी? है
*

जैसे राधा मीरा बाई है
दोनों को ही मिला कृष्ण कन्हाई है
पर जिस जिस का मन अटक गया
वो राहों में भटक गया
अगर जरा ये खटक गया
तो समझो प्राणी लटक गया
ये तो है एक उडता कबूतर
इसका उ?ना फेस है
मन को पिंजरे में न डालो
मन का कहना मत टालो
अरे मन तो एक उ?ता पंछी
जितना उडे उड़ा लो

मन की बात के सौवें संस्करण की तुलना मन की बात के जौहर संस्करण से कीजिए और बताइए कि आपको किसके मन की बात बेहतरीन लगी ।

# फ्रांस के लोग अपनी संसद को आवारा बनने से आखिर क्यों रोक रहे हैं

दुनिया भर के पर्यटकों को अपनी खूबसूरती के लिए पेरिस बुलाने वाला यूरोप का तीसरा बड़ा देश फ्रांस इन दिनों विरोध की आग में जल रहा है. इसकी वजह वही है, जो हमारे देश में साल 2004 के बाद से चली आ रही है लेकिन तब भी यहां खामोशी छाई हुई है. पर, फ्रांस की जनता शायद डरपोक नहीं है और वो सरकार के एक गलत फैसले को बर्दाश्त करने को तैयार भी नहीं है, इसीलिये उसने सड़कों पर उतरकर हिंसक विद्रोह करते हुए हुक्मरानों को अपनी ताकत का अहसास कराने की मुहिम छेड़ रखी है. नेपोलियन बोनापार्ट की क्रांति से आये साम्राज्य से मुक्ति पाकर भारत से एक साल पहले यानी 1946 में एक गणराज्य बनने वाला फ्रांस दुनिया का इकलौता ऐसा देश है जहां आज भी  तकरीबन 45 फीसदी लोग नास्तिक हैं. यानी उनका इस धरती पर परम शक्ति से प्रकट हुए किसी भी अवतार पर कोई भरोसा नहीं है फिर चाहे वह ईसा हो या मूसा. जाहिर है कि फिर ऐसे मुल्क की जनता को अपनी सरकार के किसी फैसले के ड़िलाड़ सड़कों पर आकर मुड़ालड़त करने का कोई खौड़ नहीं होता और वे यही कर भी रहे हैं. ये भारत में उन लोगों के लिए बड़ी मिसाल है जो 2004 के बाद पुरानी पेंशन मिलने के मोहताज हो चुके हैं. दरअसल, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सरकार ने बीते दिनों पेंशन बिल पास कर के रिटार्यमेंट की उम्र को 62 से बढ़ाकर 64 साल कर दिया है. इससे लोगों का गुस्सा ऐसा फूट पड़ा है कि उन्होंने पेरिस समेत अन्य प्रमुख शहरों में जबरदस्त विरोध-प्रदर्शनों के साथ ही आगजनी का सिलसिला भी शुरु कर दिया है. फ्रांस 24 की रिपोर्ट के मुताबिक, चूंकि सरकारी विभागों में नई भर्तियां हुई नहीं हैं इसलिये सरकार को ये कदम उठाना पड़ा. लेकिन इसका नतीजा हिंसक प्रदर्शनों के रुप में देखने को मिल रहा है. मैक्रों सरकार द्वारा लाये गये इस बिल के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव भी लाया था लेकिन भारत की तरह वहां भी जोड़तोड़ के जरिये सरकार उसे गिराने में कामयाब हो गई. वह बाल-बाल बच तो गए लेकिन अगर वह पास हो जाता तो राष्ट्रपति को नए चुनाव कराने पड़ते. इसलिए कि राष्ट्रपति मैक्रो ऐसे माहौल में किसी भी सूरत में चुनाव में नहीं जाना चाहते थे,अन्यथा उन्हें हार का सामना करने का खतरा था. फ्रांस के नए पेंशन बिल में कर्मचारियों को 62 की जगह अब 64 साल की उम्र तक काम करना होगा. लेकिन इसका असर ये होगा कि पूरी पेंशन के लिए जरूरी मिनिमिम सर्विस का टर्म भी बढ जाएगा. यानी अब पूरी पेंशन लेने के लिए 42 की जगह 43 साल काम करना जरूरी होगा. लेकिन सरकारी कर्मचारी इसके लिए तैयार नहीं हैं और इसीलिये वे लगातार विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं. फ्रांस के मीडिया के मुताबिक राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस वड़्त अपने राजनीतिक जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं और लगता है कि वे देश की आबादी के एक बड़े हिस्से का भरोसा खो चुके हैं. फ्रांस में हो रहे ये प्रदर्शन भारत के लिए आखिर क्यों महत्वपूर्ण हैं इसे थोड़ा समझना होगा. हमारे यहां भी पुरानी पेंशन योजना बनाम सरकार द्वारा लाई गई नई पेंशन योजना के लाभों को लेकर बहस छिड़ी हुई है. फ्रांस में रिटायरमेंट की उम्र को लेकर जो विरोध हो रहा है, वह भारत की पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बनाम नई पेंशन योजना (एनपीएस) को लेकर हो रहे विरोध जैसा ही है. फर्क सिर्फ इतना है कि वहां लोग सड़कों पर उतर आये हैं और यहां लोकतंत्र के बावजूद प्रभावित लोग वैसी हिम्मत ही नहीं जुटा पा रहे हैं. बता दें कि साल 2004 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को बंद करके नई पेंशन योजना लागू कर दी थी. अब ये भी समझिए कि इससे नुकसान किसका हो रहा है और फायदे में कौन हैं. पुरानी व्यवस्था के हिसाब से किसी भी कर्मचारी/अधिकारी की पेंशन उसके अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत होती थी और पूरी राशि का भुगतान सरकार ही करती थी. वहीं अब नई व्यवस्था में सरकारी कर्मचारियों को अपने वेतन और महंगाई भत्ते का 10 फीसदी सेवानिवृत्ति कोष में देना होता है.

# यौन शोषण का आरोप, धरना, जांच कमेटी और फिर से धरना, सच सामने आए

कुश्ती के टॉप और मेडल जीतने वाले पहलवान एक बार फिर से जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। देश के लिए इससे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति नहीं हो सकती है। भारतीय कुश्ती महासंघ और उसके अध्यक्ष के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। हालांकि, मामले की सच्चाई सबके सामने आनी चाहिए।देश के टॉप मेडल विनर पहलवान एक बार फिर जंतर मंतर पर बैठ गए हैं। रविवार रात उन्होंने वहीं बिताई और उनका कहना है कि जब तक उनकी शिकायत पर उपयुक्त कार्रवाई नहीं होती वह धरने पर बैठे रहेंगे। यह स्थिति वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। खासकर इसलिए कि पहलवानों ने कोई पहली बार अपनी मांग नहीं रखी है। तीन महीने पहले भी वे धरने पर बैठे थे। उनकी शिकायत भी कोई मामूली नहीं है। भारतीय कुश्ती महासंघ और उसके अध्यक्ष के खिलाफ यौनशोषण का आरोप ऐसा नहीं हो सकता, जिसे नजरअंदाज कर दिया जाए।हैरत की बात यह है कि तब इन पहलवानों को पूरे मामले की जांच-पड़ताल के बाद मुनासिब कार्रवाई का जो आश्वासन दिया गया था, वह किसी अंजाम तक पहुंचता नहीं दिख रहा। हालांकि जानी-मानी बॉक्सर मैरी कोम की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई थी। कहा जा रहा है कि उस समिति ने इसी महीने के पहले हफ्ते में अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी थी, लेकिन उस बारे में कोई औपचारिक सूचना उपलब्ध नहीं है। अगर सचमुच यह रिपोर्ट आ गई है तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया? चूंकि इस मामले में आरोप सार्वजनिक तौर पर लगाए गए हैं, इसलिए गोपनीयता बरतने का कोई मतलब नहीं बनता। देशवासियों के सामने उन पहलवानों और महिला पहलवानों ने आकर शिकायत की, जो देश का गौरव हैं।चाहे कुश्ती महासंघ हो या खेल मंत्रालय, वे समय पर इनकी शिकायत सुनने और उनका हल निकालने में नाकाम रहे। तभी ये पहलवान जंतर-मंतर पर धरना देने को विवश हुए। इसलिए अब दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए। अगर इन पहलवानों की शिकायत गलत पाई गई तो वह बात भी सार्वजनिक की जानी चाहिए। लेकिन अगर उनकी शिकायत सही है तो दोषी व्यक्तियों के खिलाफ बिना देर किए कार्रवाई होनी चाहिए। चूंकि ऐसा होता नहीं दिख रहा, इसलिए खेल मंत्रालय समेत देश का पूरा खेल ढांचा संदेह के घेरे में आ रहा है। और, अब तो एक नाबालिग समेत सात महिला पहलवानों ने पुलिस में भी शिकायत दर्ज करा दी है।हालांकि शिकायत मिल जाने के बाद भी पुलिस ने स्नढ्डक्रदर्ज नहीं की और इसके लिए भी पहलवानों को अदालत का रुख करना पड़ा। समझना चाहिए कि यह किसी खेल संगठन या उसके पदाधिकारियों से ही जुड़ा मसला नहीं है। इससे यह सवाल भी जुड़ा है कि हम खिलाड़ियों के साथ किस तरह का व्यवहार करते हैं? उनकी शिकायतों को कितनी गंभीरता से लेते हैं? दुनिया में देश का मान बढ़ाने वाले इन खिलाड़ियों को इंसाफ पाने के लिए बार-बार ऐसे सड़क पर उतरना पड़े, यह सरकार और प्रशासन के लिए कोई अच्छी बात नहीं है।



# जिला स्तरीय दिव्यांग पंजा कुश्ती स्पर्धा का हुआ आयोजन




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण के आदेशानुसार एवं कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र भिण्ड द्वारा प्रो पंजा लीग एवं जिला पंजा कुश्ती संघ के सहयोग से जिला स्तरीय दिव्यांग पंजा कुश्ती स्पर्धा का आयोजन कार्यालय उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तीकरण भिण्ड में किया गया।

# युवा गहोई सेना के संस्थापक समाजसेवी अभय ने की मिशाल कायम,पीड़ित परिवार को दी 58000 राशिअसहाय की आर्थिक मदद लिए सोशल मीडिया पर डाला मैसेज,पल भर में ही मदद का करवा बढ़ता गया कुछ ही समय में खाते में पहुंचे लाखो रुपए

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया–** सतना की अनुष्का गुप्ता जब कोचिंग से घर लौट रही थी उनका एक्सीडेट हो गया 6-7 साल इलाज चला तथा आर्थिक तंगी के कारण पिता प्रमोद गुप्ता इलाज नही करवा पाए सब कुछ बेटी के इलाज मे लगा दिया जब कुछ नही बचा तो बेटी की हालत देखकर पिता प्रमोद गुप्ता ने जान गवा दी जैसे ही प्रदेश के चर्चित समाजसेवी पीडितो और जरूरतमंदो की दिन रात मदद व सहयोग करने वाले युवा गहोई सेना के संस्थापक अभय गुप्ता नेताजी को सोशल मीडिया से जानकारी लगी वो तत्काल सतना पीडित परिवार से मिलने पहुचे तथा समाजसेवी अभय अपनी टीम के साथियो के साथ पीडित परिवार से मुलाकात की व अपनी परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं वक्त कर समाज बन्धुओ से इकट्ठी की गई 58000 हजार की नगद सहायता राशि पीडित परिवार को दी व जीवन पर्यान्त हर सभंव मदद का भरोसा दिया और आर्थिक तंगी से जूझ रही अनुष्का गुप्ता की मदद के लिए तुरंत



समाजसेवी अभय ने सोशल मीडिया पर पेपर में छपी पूरी जानकारी के साथ व्हाट्सएप ग्रुप सहित अपने मित्रो,सगे संबंधियों,समाज सेवियों को पर्सनल मैसेज डाला और विनम्र आग्रह कर मदद की गुहार लगाई। सभी ने समाजसेवी अभय नेताजी के मैसेज को सत्यापित कर मदद करने के लिए तेजी से आगे आए और मदद का करवा बढ़ता ही चला गया। आज तक अनुष्का बिटिया के खाते में मदद व सहयोग के माध्यम से लगभग 4-5 लाख से ऊपर जमा हो गया इस दौरान अनुष्का बिटिया का कहना है कि मुझे सामाजिक बंधुओ का आपार,स्नेह,आशीर्वाद मिला तथा अभय भैया जैसा मानवता प्रेमी समाजसेवी पहली बार देखा ना कोई पहचान फिर भी इतनी दूर आकर हमारे परिवार के दुख मे शामिल हुए एक भाई के रूप मे अपना कर्तव्य निभाया व अभय भैया और उनके साथियो ने 58000 रूपए की नगद सहायता राशि दी हमारा परिवार हृदय से आभारी है। पर मेरी एक गुजारिश है कि परिवार को चलाने के लिए कोई स्थाई जॉब मिल जाएं तो बेहतर होगा। इसमें आप सभी मेरी मदद करे। समाजसेवी अभय नेताजी का कहना है कि अनुष्का के जॉब के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है और आर्थिक मदद भी जारी रहेगी।मैं सोशल मीडिया सहित,मोबाइल से बात करके भी लोगो से आर्थिक मदद के लिए विशेष आग्रह करूंगा।इस अवसर पर



भाजयुमो मंडल मंत्री अरूण गुप्ता परीछा,राज सेठ,सचिन गुप्ता बेटू,शिवम चौधरी आदि उपस्थित रहे। वहीं समाजसेवी अभय गुप्ता ने अपने साथियों के साथ सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को पीड़ित परिवार की मदद हेतु आवेदन देकर चर्चा की और सरकार की योजना का पूरा लाभ मिले इसका आग्रह किया।

# खरगोन एक हफ्ते में पुलिस ने दूसरी बार अवैध हथियारों की तस्करी होने से पहले बड़ी खेप बरामद की है

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि भीकनगांव पुलिस ने अवैध हथियार खरीद फरोख्त रोकने में सफलता मिली है। हेलापडाव पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम तितरानया के गोविंद सिकलीगर को 13 पिस्टल ओर हथियार निर्माण सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया है। जप्त सामग्री का मूल्य करीब 2 लाख 30 हजार रुपये आंका गया है। गोविंद उक्त हथियारों का जंगल मे निर्माण कर बेचने की फिराक में था। जिसे एसडीओपी संजू चौहान के नेतृत्व में गठित टीम में चैनपुर थाना प्रभारी निर्मल श्रीवास, चौकी प्रभारी पूनमचंद पंवार आदि ने मुखबिर की सूचना पर योजनाबद्ध तरीके से तितरानया के पास जंगल के रास्ते पर दबिश देकर गोविंद को पकड़ा। उसके कब्जे एवं निशानदेही पर 13 नग अवैध पिस्टल के साथ 2 अधबने कट्टे के साथ निर्माण सामग्री बरामद किए है।



**धर्मवीर सिंह**
**पुलिस अधीक्षक खरगोन**

# नवागंतुक एसडीएम नवनीत शर्मा द्वारा सभी विभागों की ली समीक्षा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार–** नवागंतुक एसडीएम नवनीत शर्मा द्वारा सोमवार को दोपहर 2:00 बजे कार्यालय नगर पालिका सभागार लहार में विकासखंड लहार एवं रौन के सभी विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया।जिसमें प्रमुख रुप से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना,मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान द्वितीय चरण और आगामी विभागीय योजनाओं की जानकारी पर प्रमुख रूप से चर्चा की गई ,समीक्षा बैठक में विभागों में प्रमुख रूप से एमपीईबी, नगर पालिका, उद्यान विभाग ,कृषि विभाग ,शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीएचई, जल संसाधन लोक निर्माण विभाग,महिला बाल विकास और जनपद पंचायत लहार इत्यादि सभी विभागों की समीक्षा की गई।




## पन्ना जिले के युवा रूपनारायण लोधी ने टाटा आईपीएल 2023 में फैंटसी ऐप्स में 1 करोड़ रुपए जीते



हैंशनिवार दोपहर गुजरात लायंस और कोलकाता के बीच खेले गए मुकाबले में रूपनारायण ने ड्रीम 11 पर टीम बनाया था जिसमें दूसरी रैंक पाकर रूपनारायण करोड़पति बन गएपन्ना। भारत में क्रिकेट को उत्सव की तरह मनाया जाता है. क्या बच्चे, बूढ़े, नौजवान, महिलाएं सभी में आईपीएल का भी जबरदस्त क्रेज देखने को मिलता है. इन दिनों आईपीएल का 16 संस्करण चल रहा है. आईपीएल 2023 में फैंटसी ऐप्स का भी जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है. जहां टीम बनाकर जीतने वालों को करोड़ों रुपए का इनाम दिए जाने का दावा किया जाता है. यहां क्रिकेट टीम बनाकर फैंस करोंडों रुपए भी जीत रहे हैं. आए दिन इसकी खबरें कहीं न कहीं से सामने आती रहती हैं. एमपी के पन्ना जिले के युवा रूपनारायण लोधी ने भी टाटा आईपीएल 2023 में 1 करोड़ रुपए जीते हैं.

# मजदूरों के बिना किसी भीऔद्योगिक ढांचे के खडे होने की कल्पना नहीं की जा सकती :हरदानिया

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**मालनपुर संवाददाता**
**पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर/विश्व मजदूर दिवस पर औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित वीआरएस (पारस) कंपनी में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कंपनी में कार्यरत सभी श्रमिकों को मालाएं पहना कर सम्मानित किया गयाद्य कंपनी के डीजीएम एसके हरदानिया ने कहां कि एक मजदूर देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है और उसका देश के विकास में अहमयोगदान होता है। किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहम भूमिका होती है। मजदूरों के बिना किसी भी औद्योगिक ढांचे के खडे होने की कल्पना नहीं की जा सकती। इस अवसर पर कंपनी के जीएम अनिल वर्मा ने कहा कि श्रमिकों का समाज में अपना ही एक स्थान हैद्य कार्यक्रम में मौजूद मजदूर सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र पाल बंसल ने कहा कि श्रमिक ही देश के असली हीरो हैं और वह सम्मान के हकदार हैंद्य कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि कंपनी द्वारा विश्व मजदूर दिवस पर श्रमिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है वह काबिले तारीफ है ऐसे कार्यक्रमों से मजदूरों का उत्साहवर्धन होता है उन्हो ने कहा कि मजदूर दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण राष्ट और समाज को राष्ट और समाज की प्रगति, समृद्धि तथा खुशहाली में दिये श्रमिकों के योगदान को नमन करना चाहिए।कार्यक्रम में उपस्थित कंपनी प्रबंधन ने मजदूरों को मालाएं पहनाई और उनके ऊपर पुष्प वर्षा कर सम्मानित कियाद्य कार्यक्रम के बाद कंपनी प्रबंधन ने सभी श्रमिकों को स्वल्पाहार कराया इस अवसर पर कंपनी के जीएम अनिल वर्मा, डीजीएम एसके हरदेनिया, एचआर मैनेजर अमर सिंह कुशवाह ,एचआर राजीव रंजन, प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह ,गौरव राय, रविंद्र खरे इत्यादि कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी गण मौजूद रहे



# शिवपुरी पुलिस की बडी कार्यवाही, थाना खनियाधाना पुलिस द्वारा एक आरोपी को गिरफ्तार कर पांच चोरी की मोटर साइकिले कीमती 3,50,000 रुपये को किया जप्त

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**



पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिह (भा.पु.से) द्वारा चोरी किये गये वाहनो को शीघ्र बरामद कर चोरी करने वालो के विरूध्द सक्ती से कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया, उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया (रा.पु.से.) के निर्देशन में एस.डी.ओ.पी पिछोर श्री प्रशान्त शर्मा ( रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में कल दिनांक 01.05.2023 को काम्बिग गश्त के दौरान मुखविर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी मोहन यादव पुत्र पप्पू यादव उम्र 30 साल निवासी ग्राम हरतौन मजरा देवरा थाना मायापुर जिला शिवपुरी के घर मे चोरी की मोटरसायकिलें रखी है जो बेलबावड़ी तिराहा मे चोरी की मोटरसायकिल बेचने के लिये ग्राहक के इंतजार मे खड़ा है हमराह फोर्स के मुखबिर द्वारा बताये स्थान बेलबावड़ी तिराहा मे पहुचा तो एक व्यक्ति बेलबावड़ी तिराहा मे खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर हड़बड़ा गया जिससे नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मोहन यादव पुत्र पप्पू यादव उम्र 30 साल निवासी ग्राम हरथौन थाना मायापुर का होना बताया मोहन यादव के मकान को चैक किया गया तो उसमे 01. एक मोटर साइकिल काली स्पेलेण्डर जिसका चैसिस क्रमांक स्ब्क्ष्र077छ्ष्ठ04671 कीमती 70,000 रुपये 02. एक मोटर साइकिल हीरो एच एफ डीलक्स काले नीले रंग की जिसका चैसिस क्रमांक स्ब्क्ष्11ज्ञस्र9रु7540 जिसकी कीमत 70,000 रुपये है । 03. एक मोटर साइकिल हीरो एच एफ डीलक्स काले नीले रंग की जिसका चैसिस क्रमांक 052छ्9॥16821 जिसकी कीमत 70,000 रुपये 04. एक मोटर साइकिल हीरो एच एफ डीलक्स काले नीले रंग की जिसका चैसिस क्रमांक स्ब्क्ष्11ज्ञस्र9त03517 जिसकी कीमत 70,000 रुपये 05. एक मोटरसायकिल टी.व्ही.एस.कम्पनी का स्टार सिटी लाल रंग की जिसका चैसिस क्रमांक स्ष्ठ625ष्टस्र10स्र1ह69809 जिसकी कीमत 70,000 रुपये है कुल पांचो मोटर साइकिलो की कीमत 3,50,000 रुपये मोटर साइकिले रखी मिली आरोपी मोहन यादव पप्पू यादव उम्र 30 साल निवसी ग्राम हरथौन मजरा देवरा थाना मायापुर जिला शिवपुरी से इस्तगासा क्रमाक 03/2023 धारा 41(1)(4),102 जाफौ. 379 ताहि. का कायम कर जांच मे लिया गया आरोपी से अन्य आरोपी गणो के सम्बंध मे पूछताछ की जा रही है आरोपीगणो के विरूधद् इस्तगासा क्रमाक 03/2023 धारा 41(1)(4),102 जाफौ. 379 ताहि. का कायम कर जांच मे लिया गया



## अब जाम से मुक्त होगा नगर - संभवत

**रिपोर्टर– प्रतिश अग्रवाल पुष्पांजलि टुडे**

नगर मधुसूदनगढ़ में जाम के हालात लगातार बद से बदतर होते जा रहे थे यह देखकर नगर हित में शासन के चारों विभागों की आपसी सहयोग और सामंजस से यह निर्णय लिया गया है कि नगर में सभी मुख्य मार्ग भोपाल, गुना, लटेरी एवम् सुठालिया रोड पर सुबह 10:00 बजे से रात 10:00 बजे तक सभी भारी वाहन जैसे बस ट्रक ट्रैक्टर आदि प्रतिबंधित रहेंगे। इस अवधि में उपरोक्त वाहन बाजार में खड़े पाए जाने पर नियमानुसार चलानी, जुर्माना एवं दंडात्मक कार्यवाही प्रशासन द्वारा की जावेगी। काफी लंबे समय से नगर के नागरिक जाम की स्थिति से परेशान थे अब जाकर नगर परिषद राजस्व विभाग पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग के आपसी सामंजस्य एवं सहमति से एक बड़ा निर्णय नगर हित में लिया गया है जिसमें प्रशासन ने नगर के व्यापारियों, प्रबुद्ध जनों एवं नागरिकों से सहयोग की अपील की है। 2 मई से निर्णय को नगर हित में लागू किया जाएगा।

## मधु लिमए जन्म शताब्दी समापन समारोह में बोले सत्यपाल मलिक देश में विपक्षी एकता जरूरीपूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक की सुरक्षा को लेकर शिव सिंह ने उठाए सवाल

**रीवा.......** दिल्ली समाजवादी चिंतक मधु लिमए का जन्म शताब्दी समारोह 30 अप्रैल को दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशनल क्लब एनेक्सी सभागार रफी मार्ग में आयोजित हुआ कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे मोर्चा के संयोजक समाजवादी नेता शिव सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक सीपीएमआई के सीताराम येचुरी जेडीयू से केसी त्यागी कांग्रेश से संदीप दीक्षित अभय चौटाला सांसद दानिश अली वरिष्ठ पत्रकार अशोक बाजपेई प्रोफेसर आनंद कुमार समाजवादी नेता डॉ सुनीलम सहित देश की जानी मानी हस्तियां मौजूद रहीं मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कहा कि आज देश में समाजवादी वामपंथी विपक्षी एकता जरूरी हो गई है

# कुशवाहा समाज को दरकिनार करना राजनीतिक पार्टियों को पड़ेगा महंगा :कुशवाहा



**देवेंद्र कुमार कुशवाहा**

**पन्ना–** पन्ना जिले के अंतर्गत आने वाली विधानसभा गुनौर क्रमांक 59 जो पन्ना जिले में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट है किंतु वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दल कुशवाहा समाज को दरकिनार कर रहे हैं उसकी वजह जो भी हो किंतु कुशवाहा समाज द्वारा जो संगठन पन्ना जिले में चल रहे हैं उन के माध्यम से भाजपा एवं अन्य पार्टियों को कुशवाहा समाज को दरकिनार करना महंगा पड़ेगा क्योंकि कुशवाहा समाज ने भी अब कमर कस ली है यदि राजनैतिक दलों द्वारा कुशवाहा समाज का सम्मान नहीं किया जाता है तो उन दलों को कुशवाहा समाज क्यों समर्थन करें अब समय है की कौन सी राजनीतिक पार्टी कुशवाहा समाज को सहेज कर रखेगी वर्तमान समय में कहा जाए तो कुशवाहा समाज को भारतीय जनता पार्टी में मंडल देवेंद्रनगर सहित पन्ना जिले में अन्य मंडलों में भी सिर्फ कुशवाहा समाज को वोट के लिए उपयोग किया जाता है भले ही राजनीतिक दलों में बड़े पदों से सम्मानित मंत्री क्यों ना हो किंतु कुशवाहा समाज का हित करने के लिए मंडल देवेंद्रनगर में देखने को नहीं मिला है हमेशा पार्टी के रसूखदार अन्य समाजों



**अशोक कुशवाहा**

को लेकर मंडल देवेंद्रनगर में सम्मान दिया गया किंतु कुछ कार्यकर्ता भाजपा के रहे हैं किंतु मंडल देवेंद्रनगर द्वारा पूरी तरह से दरकिनार किया गया पार्टी आलाकमान को भले ही यह विश्वास हो कि मंडल देवेन्द्रनगर क्षेत्र अंतर्गत जो कुशवाहा समाज है वह पार्टी का कार्यकर्ता है किंतु कुशवाहा समाज ने अब कमर कस ली है की समाज का नेतृत्व करने वाले लोगों का यदि सम्मान नहीं है तो पार्टी हमारे हित में काम नहीं करेगी अतः समाज के नेतृत्व कर्ता ,संगठन प्रभारी, सभी मिलकर अब कुशवाहा समाज से ऐसे दलों को समर्थन दिया जाएगा जो समाज के हित में हो।आगामी समय में विधानसभा चुनाव में कुशवाहा समाज संगठित होकर ऐसे दलों का चुनाव करेगा जिसमें कुशवाहा समाज को सम्मान और हित दोनो का कार्य करेगा।

इनका क्या कहना है

1.पिछले नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनावों के पश्चात कुशवाहा समाज के कार्यकर्ताओं को पार्टी से दरकिनार कर दिया गया। किंतु पार्टी के कार्यकर्ताओं को सहेज कर रखना चाहिए जिससे सामाजिक समर्थन भी प्राप्त हो सके।



**गौरीशंकर कुशवाहा**

साथ ही यदि कोई पार्टी कुशवाहा समाज को और कुशवाहा समाज के हित में काम करेगी तो उसका समर्थन भी किया जा सकता है।
गौरीशंकर कुशवाहा
जिला सचिव
अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा जिला पन्ना मध्य प्रदेश

2. मैं अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का पन्ना जिले का जिलाध्यक्ष हूं और मैं समाज के साथ रहकर सामाजिक कार्यकर्ता ही रहूंगा यदि समाज के हित में कार्य नहीं हो रहा है तो समाज के हित में कार्य करने वाले के साथ ही रहूंगा।
देवेंद्रकुमार कुशवाहा
जिलाध्यक्ष
अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा
जिला पन्ना मध्य प्रदेश

3. मैं कुशवाहा समाज से आता हूं और हमेशा कुशवाहा समाज के हित मे कार्य करूंगा भले ही मैं किसी भी पार्टी का कार्यकर्ता रहूं उससे ज्यादा समस्या मुझे नहीं होती लेकिन मैं अपने समाज को लेकर अवश्य आगे बढ़ता है

**अशोक कुशवाहा**
**पूर्व मंडल उपाध्यक्ष**

### स्वर्ण आभा से चमका गोरवमयी सेवा निवृत्ति सामारोह

# आकड़ा शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर विद्यार्थियों के छलके आंसू

**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली।** साण्डेराव राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय आंकदडा गांव के संस्था प्रधान जस्सा राम चौधरी की सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह में उपस्थित ग्राम वासियों ने श्री चौधरी के इस विद्यालय में 7 वर्षीय कार्यशैली ,सेवा, समर्पण,त्याग ,सहयोग व स्नेह के साथ विद्यालय विकास,विद्यार्थियों के जीवन में लाए गए व्यवहार गत परिवर्तन,भामाशाहों से तालमेल, विश्वास और भरोसे के बल पर विद्यालय को आदर्श और सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनाने में दिए गए उनके योगदान के लिए ग्राम वासियों ने भामाशाह रतन सिंह समुंदर सिंह राजपुरोहित परिवार की और से सोने की चेन उपहार में पहना कर एक ऐतिहासिक,भव्य,उज्जवल और पवित्र भाव से विदाई दी।इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणो की आंखों में आंसू उमड़ पड़े,यही नहीं विद्यालय प्रांगण में उपस्थित युवा और बुजुर्ग भी अपनी बिछोह की वेदना को रोक नहीं पाए,



भामाशाह रतन सिंह और बुजुर्ग मोहनसिंह राजपुहित तो संस्था प्रधान से गले मिलकर फूट फूट रो कर अपना दर्द अभिव्यक्त करने से नहीं रोक पाए और संस्था प्रधान से बिछड़ने का दर्द फूट-फूटकर रो कर अभिव्यक्त किया गले मिलकर खूब रोए। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों का तो रो-रो कर बहुत ही बुरा हाल रहा मानो जैसे वो अपने माता पिता से बिछड़ रहे हो या कि अनाथ हो गए ऐसा हृदय विदारक,हरे की आंखों को नमः करने वाला दृश्य यह बता रहा था की शिक्षक की समाज में क्या भूमिका होती है,शिक्षक का स्तर अभिभावक और माता-पिता से बढ़कर होता है ऐसा दृश्य आज आकदडा गांव में वास्तविक धरातल पर देखने को मिला। संस्था प्रधान चौधरी ने जब विद्यालय के प्रवेश द्वार पर नतमस्तक होकर अपनी पेढ़ी और अपनी 7 वर्षीय कर्मभूमि को नतमस्तक होकर प्रणाम करते वक्त अपने आप को फूट-फूट कर रोने से नहीं रोक पाए और वहां अपने कार्यकाल में लगाए गए हरे भरे बाग बगीचे के पौधों को भी गले मिलकर रोने से नहीं रोक पाए ऐसे दृश्य यह बताते हैं कि एक संस्था प्रधान के विद्यालय, विद्यार्थी, अभिभावक,भामाशाह, जनप्रतिनिधियों और आम व्यक्तियों के बीच में क्या संबंध, क्या भूमिका, क्या तालमेल, क्या अपनत्व और कितने गहरे संबंध होते हैं यह अकदड़ा गांव में देखने को मिला।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का सभी अधिकारी करें समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण कलेक्टर

### ईई एवं एसडीओ पीआईयू को कारण बताओ नोटिस,समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में एडीएम जेपी सैयाम, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदय सिंह सिकरवार, एसडीएम मेहगांव वरुण अवस्थी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देशित किया की सभी विभाग लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण समय-सीमा में करना सुनिश्चित करें। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण में बेहतर कार्य किया गया है। कलेक्टर ने 10 मई से प्रारंभ होकर 25 मई तक चलने वाले जनसेवा अभियान के संबंध में



संबंधित विभागों को तैयारी प्रारंभ कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले में खाद के अग्रिम भंडारण की स्थिति की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने गेहूं एवं सरसों खरीदी की भी समीक्षा की।बैठक में कलेक्टर ने लाड़ली बहना योजना के साथ अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं, कार्यक्रमों सहित ग्रीष्मऋतु को देखते हुए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। कलेक्टर ने मालनपुर सैनिक स्कूल के प्लेग्राउंड की बाउड्रीवाल के कार्य में हो रही देरी पर ईई एवं एसडीओ पीआईयू को कारण बताओ नोटिस जारी करने दिये निर्देश।

# चंबल संभागायुक्त ने सीईओ भिण्ड, अटेर एवं रौन को दिया कारण बताओ नोटिस

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** चंबल संभागायुक्त दीपक सिंह ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भिण्ड श्रीमती सुनीता शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अटेर राजधर पटेल एवं तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रौन (वर्तमान जनपद पंचायत लहार) अरूण कुमार त्रिपाठी को मनरेगा भुगतान में पाई गई अनियमितताओं पर कलेक्टर द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर नोटिस जारी कर 15 दिवस में जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। समयावधि में जवाब प्रस्तुत न करने की स्थिति में दो-दो वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोके जाने की शास्ति अधिरोपित की जावेगी।आयुक्त चंबल संभाग दीपक सिंह ने नोटिस में कहा है कि आपके द्वारा मनरेगा भुगतान में अनियमितता की गई जिस पर कलेक्टर भिण्ड डॉ सतीश कुमार एस द्वारा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया गया। आपके द्वारा उक्त जारी नोटिस का जवाब दिया गया, आपके द्वारा दिए गए जवाब का कलेक्टर द्वारा परीक्षण किया गया। परीक्षण में भुगतान संबंधी कई अनियमितताऐं पाई गईं जिस पर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव भेजा गया है आपका उक्त कृत्य पदीय कर्तव्यों के प्रतिकूल होकर एक लोकसेवक के पद के अपेक्षित आचरण के विपरीत होकर म.प्र.सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम तीन के उप नियम 1,2,3 का स्पष्ट उल्लंघन है

## जिले के सभी दस प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर सह विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया

**दुमका/झारखंड।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर झारखण्ड राज्य विधिक प्राधिकार के तत्वाधान मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार दुमका द्वारा जिले के सभी दस प्रखंडो मे विधिक सशक्तिकरण शिविर सह विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया. आयोजित कार्यक्रम मे जिले के सभी न्यायधीशअलग अलग सभी प्रखंडो मे कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकार द्वारा मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया. इसके साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मुफ्त कानूनी सेवा का विस्तार से जानकारी देकर लोगों को इसका लाभ उठाने की सलाह दी।

# छतरपुर पुलिस की बड़ी सफलता 12 घंटों में लुटेरों को गिरफ्तार कर 1 करोड़ से अधिक का माल किया बरामद

### आरोपियों से नकदी, बाइक और सोने-चांदी के आभूषण बरामद,परिवार को बंधक बनाकर आरोपियों ने घटना को दिया था अंजाम

भोपाल, 1 मई 2023/ पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगत आरोपियों के विरुद्ध



प्रभावी कार्रवाई कर रही है। छतरपुर पुलिस ने लूट के प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई करते हुए केवल 12 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। साथ ही उनसे 1 करोड़ 1 लाख 48 हजार रुपये की सामग्री व नकद बरामद किए हैं। आरोपियों के पास से नकदी सहित मोटरसाइकिल और सोने-चांदी के आभूषण जब्त किए गए हैं।

**इस तरह की थी वारदात :** फरियादी ओमप्रकाश पुरोहित पिता पुखराज सिंह पुरोहित (47) निवासी ईशानगर रोड, कंपनी बाग, नौगाँव ने 30 अप्रैल की रात्रि करीब 9.30 बजे थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वे, पत्नी व बेटी के साथ घर में थे, तभी अचानक तीन अज्ञात लड़के हाथ में कट्टा व चाकू लिए उनके घर में घुसे और बेटी की कनपटी पर कट्ट्टा अड़ाकर हमें बांध दिया और मुंह पर टेप चिपका दिया। इसके बाद लुटेरों ने घर में रखे करीबन 36 लाख रुपये नकद, करीब 65 लाख रुपये के सोने व चाँदी के आभूषण और उनकी मोटरसाइकिल लेकर भाग गए। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना नौगांव में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस तत्काल हुई सक्रिय** – लूट के इस प्रकरण में छतरपुर के पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी ने तत्काल घटनास्थल पहुँचकर मुआयना किया। आरोपियों को तत्काल पकड़ने के लिए उन्होंने मौके पर सायबर, एफएसएल, फिंगर प्रिन्ट और डॉग स्क्वाड को बुलाकर आवश्यक कार्रवाई की। आईजी श्री प्रमोद वर्मा व डीआईजी श्री ललित शाक्यवार के मार्गदर्शन में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों एवं लूटे गए माल की तलाश के लिए एएसपी श्री विक्रम सिंह एवं एसडीओपी नौगांव के निर्देशन में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया। इस पुलिस टीम ने तत्परतापूर्वक कार्रवाई करते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर घटना के 12 घंटे में चारों आरोपियों को लूटे गए कुल मशरूका करीब 1 करोड़ 1 लाख 48 हजार रूपए के साथ गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

क्रमांक-59/23

**धीरज/आशीष शर्मा**

# थाना कोतवाली नगर व देहात पुलिस तथा एसओजी टीम द्वारा बीजेपी जिलाध्यक्ष श्री सन्दीप जैन से स्पीड पोस्ट के माध्यम से एक करोड़ की रंगदारी मांगने व न देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी

### देने के मामले में प्रकाश में आए पिता-पुत्र 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार, आरोपियों ने चचेरे भाई से बदला लेने के उद्देश्य से भेजा था फर्जी धमकी भरा पत्र।



**घटना का विवरण** -दिनांक 30.04.2023 को वादी श्री संदीप जैन (एडवोकेट, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी) पुत्र श्री बिट्ठनलाल जैन निवासी कैलाशगंज थाना कोतवाली नगर एटा द्वारा थाना कोतवाली नगर पर इस आशय की सूचना दी गई कि दिनांक 29.04.2023 को समय करीब 04.30 बजे स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त एक पत्र में उनसे 01 करोड़ रुपये की रंगदारी माँगी गयी है तथा न देने पर वादी व वादी के परिवारीजनों को जान से मारने की धमकी दी गई है, इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर पर मुअसं - 311/2023 धारा 386, 506 भादंवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी तथा अनावरण - दिनांक 01.05.2023 को थाना कोतवाली नगर व देहात पुलिस तथा एसओजी टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में प्रकाश में आए अभियुक्तों भूपेन्द्र यादव पुत्र जयपाल सिंह निवासी घिलौआ थाना कोतवाली देहात एटा व धन्नजंय यादव पुत्र भूपेन्द्र यादव निवासी घिलौआ थाना कोतवाली देहात एटा को घिलौआ तिराहे के पास से समय करीब 10.00 बजे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नामपता -**

1. भूपेन्द्र यादव पुत्र जयपाल सिंह निवासी घिलौआ कोतवाली देहात एटा (उम्र करीब 50 वर्ष)
2. धनजंय यादव पुत्र भूपेन्द्र यादव निवासी घिलौआ कोतवाली देहात एटा (उम्र करीब 19 वर्ष)

**महत्वपूर्ण बिंदु -**

1. अभियुक्त धनंजय एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय लखनऊ से एलएलबी का प्रथम वर्ष का छात्र है तथा आरोपी भूपेन्द्र यादव जनपद अलीगढ़ में गन्ना विभाग में कैन सुपरवाइजर के पद पर तैनात है।
2. करीब एक वर्ष पूर्व कुलदीप जो आरोपी भूपेन्द्र का चचेरा भाई है उसने आरोपी भूपेन्द्र से 6000 रुपये उधार लिए थे और बदले में गेहूँ देने को कहा था।
3. एक वर्ष बीत जाने के बाद भी जब कुलदीप ने न तो गेहूँ दिये और न ही भूपेंद्र के पैसे वापस किये, तो भूपेंद्र ने इस बारे में कुलदीप के भाई सुमित तथा मोनू से गेहूँ माँगे तो उन लोगों द्वारा भी अभियुक्त भूपेंद्र उसके साथ अभद्रता की गई।
4. इसी अभद्रता तथा बेइज्जती का बदला लेने के लिए भूपेंद्र ने योजना बनाई और अपने हस्तलेख में दिनांक 29.04.2023 को प्रधान डाकघर एटा से अपने पुत्र धनंजय यादव से स्पीड पोस्ट के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री संदीप जैन को एक धमकी भरा पत्र लिखा इस धमकी भरे पत्र को भूपेन्द्र ने सुमित उर्फ शिवा, मोनू यादव व कुलदीप के नाम से लिखा।

**बरामदगी -**

1. स्पीड पोस्ट की रसीद
2. डायरी (जिसमें पत्र लिखा गया था)

***गिरफ्तार करने वाला पुलिस बल -***
***कोतवाली नगर पुलिस -***

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सुधीर कुमार सिंह कोतवाली नगर एटा
2. व.उ.नि. श्री जयवीर सिंह थाना कोतवाली नगर एटा
3. उ.नि. अनुरूद्ध सिंह थाना कोतवाली नगर
4. उ.नि. श्री रितेश ठाकुर कोतवाली नगर
5. है.का. पुष्पेन्द्र कुमार थाना कोतवाली नगर
6. का. अकित मावी थाना कोतवाली नगर एटा
7. का. राहुल कुमार कोतवाली नगर एटा

**थाना कोतवाली देहात पुलिस -**

1. प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार कोतवाली देहात एटा
2. उ.नि. श्री अश्वनी सिह लिप्टन चैकी इंचार्ज कोतवाली देहात

**एसओजी टीम -**

1. निरीक्षक श्री शम्भूनाथ सिंह प्रभारी एसओजी एटा
2. उ.नि. श्री नितिन एसओजी टीम
3. है.का. सुखवीर यादव एसओजी एटा
4. है.का. विष्णु एसओजी टीम एटा
5. का. उमंग चैधरी एसओजी एटा
6. है.का. रियाज खाँ एसओजी एटा

# बाबा उमाकान्त जी ने बताये स्वस्थ रहने के कई प्राकृतिक अचूक सरल स्थाई उपाय

### जल्दी पाचन, पेट साफ, दांत-आँख स्वस्थ रहे, चोट, जुखाम बुखार में आराम के नुस्खे

**उज्जैन (म.प्र.)** सर्व ज्ञानी, सर्व समरथ, त्रिकालदर्शी, आदि से अंत का भेद जानने वाले, हर तरह की समस्या बिमारी तकलीफ मुसीबत परेशानी बाधा कमी टेंशन का उपाय जिनके पास है, जो आध्यात्मिक दौलत के साथ-साथ इस दुनिया में भी आराम दिलाते हैं, ऐसे इस समय के युगपुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, परम दयालु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 9 मार्च 2020 उज्जैन आश्रम में दिए व अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि पूर्वजों ने बढ़िया नियम बना रखे थे। सुबह उठ कर शाम का रखा हुआ पानी पियो। फिर शौच लैट्रिन के लिए दूर जंगल चले जाओ। इतनी देर में पानी पेट में मिल जाता था। बच्चों को बताते थे कि जब शौच में बैठना तो दांतों को दबा लेना। जब मल बाहर हो जाए तो मुंह को खोल देना। इससे दांत जल्दी गिरता ही नहीं था। आंख की रोशनी बनाये रखने के लिए सुबह उठ कर अपने थूक को निकालो, दोनों आंखों में लगाओ। तो जमा गंदगी निकल जाएगी। जमा गंदगी से पर्दा बन जाता है फिर डॉक्टर कहता है मोतियाबिंद हो गया फिर ऑपरेशन करके हटाता है।

**जल्दी पाचन के नुस्खे**-मौसम के अनुसार प्रकृति ने चीजों को खाने के लिए बनाया। अज्ञानता में लोग सुबह की चीज शाम को खाते हैं और वही चीज नुकसान कर जाती है। सुबह मूली मूल है, दोपहर मूली मूली और शाम को मूली सूली। शाम को मूली खाने पर नुकसान करती है। लेकिन जानकारी रहती है तो गैस की बीमारी को खत्म कर देती है। मूली खाना हजम करती है लेकिन स्वयं हजम नहीं होती है। इसका थोड़ा सा पत्ता साथ में खा लो तो हजम हो जाती है। केला गुणकारी है लेकिन साथ में इलायची दाना खा लो तो जल्दी हजम हो जाएगा। चावल ज्यादा खा लिए हो तो हजम करने के लिए थोड़ा सा नारियल का पानी पी लो या नारियल का टुकड़ा खा लो। अरबी की सब्जी बहुत गरिष्ठ होती है लेकिन साथ में अजवाइन डालने पर गरिष्ठता कम हो जाती है। उड़द की दाल को हींग से बगार देने पर उसकी गरिष्ठता कम हो जाती है। यह सब जानकारी पर निर्भर करता है। जब सतसंग लोगों को मिलता रहता था तो बहुत सारी जानकारियां रहती थी। इसलिए सतसंग में आते रहना चाहिए।

**हसिया फावड़ा लगने से कटा हिस्सा न पके इसके लिए ये करें**-आप ज्यादातर लोग किसान हो, खेती करते हो। हसिया फावड़ा लग जाए तो वहां कहां डॉक्टर मिलेगाड़ फॉरेन कटे हुए हिस्से पर पेशाब करो। और अरहर की दाल अगर कहीं लगी हुई मिल जाए तो फौरन उसके




4-6 पत्ते को दांत से दबा करके लुगदी बना कर कटे हुए हिस्से पर लगा कर दबा दो। अगर दबाओगे नहीं तो दाग बन जाएगा। दबा दोगे तो दोनों खाल मिल जाएगी। उसके बाद वही लुगदी बांध दो। पानी न पड़ने पावे तो समझो प्लास्टर हो जाएगा और ठीक करके हटेगा। न मिल पाए तो तुरंत घर चले आओ। लोहे को जलाओ। तेल में थोड़ा सा लोहा भिगोओ और कटे हुए हिस्से को उस खाल को झुलस दो। पकेगा नहीं कभी। और दर्द 2-4-10 मिनट के अंदर ही कम होने लग जाएगा।

**हड्डी मांस में लगी चोट के दर्द का स्थाई इलाज**-यदि कटा न हो और धूस चोट मार लग गई हो, हड्डी मांस दर्द कर रहा हो तो हल्दी, नमक और घी (घी न हो तो थोड़ा तेल) को कटे नींबू पर डाल कर गर्म तवे के ऊपर रख दो। बर्दाश्त जितना गर्म होने पर दर्द वाले स्थान पर रखो। सुबह-शाम 15 मिनट सिकाई करो। दस दिन भी अगर आपने सिकाई कर दिया तो कैसा भी धूस लगा है, दर्द नहीं होगा। लोग आयोडेक्स आदि लगा लेते हैं, दवाई खा लेते हैं उससे दर्द तो कम हो जाता है लेकिन हड्डी की जो चोट बनी रहती है और कुछ दिन बाद पुरवा हवा चलने पर वह दर्द उभर आता है। लेकिन इससे दर्द बिल्कुल खत्म हो जाएगा। जमा खून पिघल जाएगा। पिघलने से दर्द नहीं होगा, नहीं तो काला पड़ जाता है, दर्द बराबर बना रहता है। यह सब देसी दवाई हैं। कहते हैं- न सौ दवाई न एक सिकाई। यह सिकाई जब हो जाती है तब दर्द नहीं होता है।

**जुखाम बुखार में आराम**-मौसम बदल रहा है। अब बुखार जुखाम होगा। इसकी क्या दवा हैड़ चाय अगर आप पीते होड़ बहुत से सतसंगी नहीं पीते हैं क्योंकि इसमें मिलावट जब हुई तब से बंद कर दिया। लेकिन एक वह पत्ती वाली चाय आती है जो पिसी हुई सी नहीं नहीं रहती है, डस्ट जिसे कहते हो। वह पत्ती अलग-अलग रहती है। महंगी थोड़ी जरूर है लेकिन वह शुद्ध होती है। उस चाय को बनाओ, थोड़ा सा सौंठ, एक-दो दाना काली मिर्च उसमें डाल दो। उसके बाद उसका काढ़ा पियो। जुखाम खत्म कम होगा।

**कब एक मर्ज जायेगा और दुसरा पैदा होगाड़**-बुखार आ गया हो तो तुलसी की 8-10 पत्ती को कूट कर उबाल कर पियो और रजाई ओढ़ करके लेट जाओ। एसी/पंखा मत चलाओ। पसीना खूब हो जाए। सुबह दोपहर शाम इसी तरह से 3 दिन में 9 खुराक पी लो तो बुखार कम होगा, उतर जाएगा। यदि कुछ कमी रह जाए तो 2 दिन और पी लो। यह सब बहुत फायदे की देसी दवाई हैं, इनका असर ड़तम नहीं होता है। दूब, बेल, तुलसी की पत्ती आदि को आप सड़ा जला गला दो तब भी इनका असर खत्म नहीं होता है। लहसुन को कच्चा खाओ, जलाओ, भून दोगे तो भी गुण मिलेगा, चाहे असर कम-ज्यादा हो जाए लेकिन ड़तम नहीं होता है। लोग इसको प्रयोग नहीं करते हैं। काड़ा कौन बनावेड़ गोली कैप्सूल खा लो। चाहे एक मर्ज जाए और दूसरा पैदा हो जाए। बुखार उतर जाए लेकिन लीवर खत्म हो जाये, भूख खत्म हो जाए। कोई परवाह नहीं, गोली, कैप्सूल ही खाएंगे। तो तकलीफ तो बढ़ेगी ही बढ़ेगी। एक बीमारी जाएगी दूसरी पैदा हो जाएगी। संयम-नियम का पालन करोगे तो बिमारियों से बचे रहोगे



# एविक्ट हुए इस कंटेस्टेंट की जल्द होगी वाइल्ड कार्ड एंट्री



**मुंबई।**खतरों के खिलाड़ी 12 दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहा है। यही वजह है कि शो टीआरपी की टॉप लिस्ट में जगह बनाने में कामयाब रहा है। रोहित शेट्टी की होस्टिंग से लेकर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस तक ने शो को रोचक बना दिया है। बीते रविवार को एलिमिनेशन स्टंट में तीन कंटेस्टेंट जन्नत जुबैर, कनिका मान और प्रतीक सहजपाल के बीच मुकाबला हुआ। स्टंट शुरू होते ही प्रतीक ने अबॉर्ट कर दिया और इस तरह उन्हें शो को अलविदा कहना पड़ा। इतनी जल्दी प्रतीक के एविक्ट होने से उनके फैन्स को झटका लगा है लेकिन अब एक बड़ी खुशखबरी है।

वाइल्ड कार्ड की एंट्री-खतरों के खिलाड़ी 12 में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट की काफी समय से चर्चा थी। अब बताया जा रहा है कि प्रतीक सहजपाल को मेकर्स वाइल्ड कार्ड के जरिए दोबारा लाएंगे। सोशल मीडिया पर खतरों के खिलाड़ी के फैन पेज अकाउंट से शेयर किया गया है कि प्रतीक की एंट्री एक या दो हफ्ते में हो सकती है। हालांकि इस बारे में आधिकारिक जानकारी नहीं है।

**फैन्स होंगे खुश**-प्रतीक की वापसी से निश्चित रूप से उनके फैन्स बेहद खुश होंगे। शो से वह जल्दी ही बाहर हो गए हैं। मेकर्स उन्हें एक और मौका देना चाहते हैं।

किन शोज में किया काम-बता दें कि प्रतीक सहजपाल ने बिग बॉस 15 में हिस्सा लिया था। वह रनर अप रहे थे। सीजन को तेजस्वी प्रकाश ने जीता था। इसके अलावा वह बिग बॉस ओटीटीऐस ऑफ स्पेस और लव स्कूल में नजर आ चुके हैं। इसके अलावा नच बलिए 10 के लिए प्रतीक सहजपाल के नाम की चर्चा है। वह डांस रियिलटी शो में हिस्सा ले सकते हैं।

# कॉफी विद करण 7 में हिस्सा लेंगी कटरीना कैफ, साथ में विकी कौशल नहीं होंगे ये एक्टर्स



**मुंबई।** 'कॉफी विद करण 7' के शुरू होने से पहले ये कयास लगाए जा रहे थे कि क्या कटरीना कैफ और विकी कौशल शो में हिस्सा लेंगे। शादी के बाद एक कपल के रूप में फैन्स उन्हें लेकर काफी एक्साइटेड दिखे। अब खबर है कि करण जौहर के शो में कटरीना कैफ हिस्सा लेंगी लेकिन उनके साथ विकी कौशल नहीं होंगे। कटरीना शो के पहले के सीजन में हिस्सा ले चुकी हैं। करण जौहर के साथ उनकी गहरी दोस्ती है। ऐसे में वह 'कॉफी विद करण 7' में गपशप करती दिखेंगी।

**करेंगी फिल्म का प्रमोशन**-कटरीना कैफ अपनी आने वाली फिल्म 'फोन भूत' का प्रमोशन करेंगी। वेबसाइट पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, करण जौहर के शो के लिए कटरीना कैफ ने शूटिंग पूरी कर ली है। उनके साथ 'फोन भूत' के एक्टर्स सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर भी होंगे।

**ऐसे शुरू हुई थी लव स्टोरी**-गौरतलब है कि 'कॉफी विद करण' से ही कटरीना और विकी की लव स्टोरी की शुरुआत हुई थी। दोनों अलग-अलग एपिसोड में पहुंचे थे। कटरीना से जब करण ने पूछा था कि वह किसके साथ काम करना चाहती हैं और पर्दे पर किसके साथ उनकी जोड़ी अच्छी लगेगी तो कटरीना ने जवाब में विकी कौशल का नाम लिया था। बाद में जब शो में विकी कौशल आए तो करण जौहर ने उन्हें बताया कि कटरीना ने उनका नाम लिया है। यह सुनकर उन्हें यकीन नहीं आता और बेहोश होने का नाटक करते हैं।

**इन फिल्मों में आएंगी नजर**-कटरीना कैफ की आने वाली फिल्मों में 'फोन भूत' के अलावा 'टाइगर 3' है। फिल्म में वह सलमान खान के अपोजिट नजर आएंगी। इसके अलावा वह निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'मैरी क्रिसमस' कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ साउथ स्टार विजय सेतुपति होंगे।

# दीया मिर्जा की भतीजी का निधन, भावुक एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर दी श्रद्धांजलि, लिखा- मेरी भतीजी, मेरी बच्ची, मेरी जान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है, जिसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर दी है। दीया मिर्जा की भतीजी का निधन हो गया है, जिसको लेकर एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। दीया मिर्जा ने अपने पोस्ट में निधन की वजह का जिक्र तो नहीं किया है, लेकिन उनके इंस्टाग्राम पोस्ट से समझ आ रहा है कि वो अपनी भतीजी के काफी करीब थीं और उसके दुनिया को अलविदा कहने से एक्ट्रेस को झटका लगा है।

**दीया मिर्जा की भतीजी का निधन**-दीया मिर्जा ने सोशल मीडिया पर अपनी भतीजी की तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में दीया की भतीजी मुस्कुराती हुई नजर आ रही हैं, वहीं एक्ट्रेस ने दिल को छू जाने वाली बात कैप्शन में लिखी है। दीया ने अपने कैप्शन में लिखा, मेरी भतीजी.. मेरी बच्ची.. मेरी जान...अब इस दुनिया में नहीं रही। तुम जहां भी रहो, तुम्हें शांति और प्यार मिले। आप हमेशा हमारे दिलों



में रहोगी। ओम शांति।

**फैन्स और सितारे दे रहे श्रद्धांजलि**-दीया मिर्जा के पोस्ट पर उनके फैन्स और सेलेब्स रिएक्ट करते हुए श्रद्धांजलि दे रहे हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और सुनील शेट्टी ने हाथ जोड़ने वाला ईमोजी कमेंट किया, तो गौहर खान ने दिल टूटने वाले ईमोजी के साथ कमेंट किया। वहीं ईशा गुप्ता, भावना पांडे, श्रेया धनवंतरी ने दिल का ईमोजी शेयर किया। इसके अलावा गुल पनाग ने कमेंट में श्रद्धांजलि दी तो सुजैन खान की बहन फराह ने लिखा, ये बहुत दुखद खबर है, वो जहां रहे चमकती रहे।

**दीया मिर्जा का करियर**-गौरतलब है कि दीया मिर्जा का नाम उन एक्ट्रेसेस में शुमार है, जिनके खाते में भले ही कम फिल्में शुमार रही हैं, लेकिन उन्होंने अपनी अदाकारी से एक अलग मुकाम बना लिया है। दीया मिर्जा की बॉलीवुड डेब्यू फिल्म रहना है तेरे दिल में के आज भी चर्चे होते हैं। दीया मिर्जा फिल्मों के साथ ही वेब सीरीज में भी काम कर चुकी हैं और जल्दी ही रत्ना पाठक, संजना सांघी, फातिमा सना शेख के साथ धक धक में नजर आएंगी।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी हुए कैमरे में कैद

**मुंबई।**बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा में रहते हैं। सिद्धार्थ और कियारा बीती रात एयरपोर्ट पर स्पॉटिड हुए और दोनों करीब करीब एक जैसे लुक में नजर आ रहे थे। सोशल मीडिया पर कियारा- सिद्धार्थ के फोटोज तेजी से वायरल हो रहे हैं और फैन्स इन्हें काफी पसंद कर रहे हैं। हालांकि सिद्धार्थ इस दौरान थोड़ा गुस्से में नजर आए।

**ट्विन करते दिखे सिद्धार्थ- कियारा**-बात सिद्धार्थ और कियारा के एयरपोर्ट लुक की करें तो दोनों ट्विन करते नजर आ रहे हैं। फोटोज में सिद्धार्थ ने सफेद टी शर्ट के साथ ब्लैक जैकेट, ब्लैक पैंट और व्हाइट शूज कैरी किए हैं। वहीं एक्ट्रेस ने लॉन्ग ब्लैक टीशर्ट के साथ बैल्क लोअर और शूज पहने हैं। विरल भियानी ने जो वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, उसे देखकर लग रहा है कि सिद्धार्थ पैपराजी को देख भड़क गए हैं और उन्हें बार बार फोटोज क्लिक करने के लिए मना कर रहे हैं। वहीं वीडियो देखकर ऐसा भी लग रहा है कि कियारा, सिद्धार्थ के गुस्से को शांत करती दिख रही हैं।सोशल मीडिया यूजर्स सिद्धार्थ- कियारा के फोटोज को खूब पसंद कर रहे हैं।

**कियारा का बर्थडे सेलिब्रेशन**-31 जुलाई को कियारा आडवाणी का जन्मदिन था और मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ अपना



बर्थडे सेलिब्रेट किया। कहा जा रहा है कि कपल इस खास मौके पर दुबई पर था। एक फैन के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद इस खबर को और भी हवा मिली थी, हालांकि उस पोस्ट में सिद्धार्थ कियारा एक साथ नजर नहीं आ रहे थे लेकिन फैन के कपड़े और फोटो के बैकग्राउंड से लग रहा था कि दोनों साथ ही हैं।

**ब्रेकअप की उड़ी थी अफवाह**-याद दिला दें कि कुछ समय पहले ऐसी खबरें थीं कि सिद्धार्थ और कियारा ने अपने रास्ते अलग कर लिए हैं लेकिन जल्द ही वो साथ में सार्वजनिक रूप से दिखे। पार्टीज से लेकर फिल्म स्क्रीनिंग तक से सिद्धार्थ और कियारा के वीडियोज वायरल हुए।

# आमिर खान के बाद करीना कपूर ने लाल सिंह चडडा के बायकॉट ट्रेंड पर किया रिएक्ट

**मुंबई।**बॉलीवुड अभिनेता आमिर खानकी अपकमिंग फिल्म लाल सिंह चड्ढा की रिलीज में कुछ ही दिन रह गए हैं। फिल्म में आमिर खान के साथ ही करीना कपूर खान चैतन्य अक्किनेनी और मोना सिंह भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज से पहले सितारे प्रमोशन के लिए मैदान में उतर गए हैं और हर मुद्दे पर बात कर रहे हैं। हाल ही में आमिर खान ने लाल सिंह चड्ढा के बायकॉट पर रिएक्ट किया था, इसके बाद अब करीना ने भी इस पर अपनी राय रखी है।

**लाल सिंह चड्ढा के बायकॉट पर क्या बोलीं करीना**-आमिर खान के बाद फिल्म लाल सिंह चड्ढा के बायकॉट पर करीना कपूर खान ने भी रिएक्ट किया है। करीना ने इंडिया टुडे से बातचीत में कहा, आज हर कोई बोलने का हक रखता है, आज ढेर सारे प्लेटफॉर्म्स मौजूद हैं, हर किसी के अपने विचार हैं। तो अगर ऐसा होगा तो आपको कुछ चीजें इग्नोर करना सीखना होगा। वरना आपको अपनी जिंदगी जीना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए मैं ऐसी चीजों को सीरियसली नहीं लेती हूं। मैं वो पोस्ट करती हूं, जो मैं करना चाहती हूं।

**ये एक फिल्म है, जो रिलीज होने वाली है.**-करीना कपूर खान ने आगे कहा, %ये एक फिल्म है, जो रिलीज होने वाली है और इस पर सभी की अपनी अलग राय होगी। तो अगर ये फिल्म अच्छी होगी तो ये हर चीज से आगे निकल जाएगी, और



रिस्पॉन्स अच्छा होगा। मुझे लगता है कि अच्छी फिल्में हर चीज से पार पा लेती हैं। याद दिला दें कि सिर्फ लाल सिंह चड्ढा ही नहीं करीना के कुछ पुराने बयानों के चलते उनको बायकॉट करने के हैशटैग भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं।

क्या बोले थे आमिर खान-करीना कपूर खान से पहले आमिर खान ने भी इस बायकॉट पर रिएक्ट किया था। आमिर खान ने कहा, बायकॉट बालीवुड, बायकॉट आमिर खान, बायकॉट लाल सिंह चड्ढा हैशटैग चलाये जाने से मैं दुखी महसूस कर रहा हूं। बहुत से लोग जो अपने दिल से ऐसा कह रहे हैं, उनका मानना है कि मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो भारत को पसंद नहीं करता। कुछ लोग ऐसा मानते हैं, लेकिन यह बिल्कुल भी सच नहीं है।

**मैं वास्तव में देश से प्यार करता ह**-आमिर खान ने आगे कहा, %मैं वास्तव में देश से प्यार करता हूं। यदि कोई व्यक्ति कुछ और सोचता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि यह कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए कृपया मेरी फिल्म देखिए।% बता दें कि आमिर खान के इस स्टेंटमेंट की काफी चर्चा हुई। सोशल मीडिया पर इसको लेकर मिक्स रिएक्शन देखने को मिले, किसी ने कहा कि उन्हें टारगेट किया जा रहा है तो किसी ने लिखा कि सिर्फ फिल्म की सक्सेस के लिए ऐसी बातें की जा रही हैं।

फॉरेस्ट गंप की ऑफिशियल रीमेक

गौरतलब है कि लाल सिंह चड्ढा, हॉलीवुड अभिनेता टॉम हैंक्स ी फिल्म फॉरेस्ट गंप का इंडियन अडैप्शन है।%लाल सिंह चड्ढा% में करीना कपूर खान, मोना सिंह और नागा चैतन्य भी हैं। लाल सिंह चड्ढा को देश में 100 स्थानों पर शूट किया गया है। वहीं आमिर खान ने फिल्म से जुड़ी बातचीत के दौरान बताया था कि उन्होंने इस फिल्म को अपने 12 साल दिए हैं।



# यातायात पुलिस ग्वालियर द्वारा इन्टरसेप्टर वाहन के माध्यम से तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध की गई चालानी कार्यवाही

## यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन करने की आमजन से की अपील

**दैनिक पुष्पांजली टुडे ग्वालियर।** ग्वालियर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह - चन्देल, भापुसे के निर्देश पर अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य / यातायात) श्री ऋषिकेश मीना, भापुसे के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा ग्वालियर जिले में बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से इन्टरसेप्टर वाहन एवं स्पीडगन के माध्यम से शहर के दुर्घटना संभावित क्षेत्र / मार्गो पर तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई एवं चालकों को निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने हेतु समझाईस दी गई तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। जिले में ब?ती स?क दुर्घटनाओं में घटित




होने वाली मृत्यु दर में कमी लाये जाने हेतु आज दिनांक को इन्टरसेप्टर वाहन के माध्यम से आकाशवाणी से सूर्य नमस्कार वाले मार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही के दौरान कुल 10 वाहनों के द्वारा निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन किया गया जिनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर 10,000/- रूपये समन शुल्क वसूल किया गया ।**यातायात पुलिस ग्वालियर**-यह कार्यवाही प्रतिदिन शहर / देहात के विभिन्न स्थानों पर इन्टरसेप्टर एवं स्पीडगन के माध्यम से वाहन चैकिंग की जावेगी जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।उक्त कार्यवाही के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री विक्रम सिंह कनपुरिया, एवं थाना प्रभारी यातायात पूर्व सूबेदार हिमांशु तिवारी, सउनि अशोक मिश्रा मय यातायात बल के साथ उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन ग्वालियर में आयोजित हुआ पुलिस परिवार सम्मेलन




**ग्वालियर।** पुलिस लाइन ग्वालियर के सामुदायिक भवन में पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के परिजनों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को जानने के लिए ''पुलिस परिवार सम्मेलन'' का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि अति. पुलिस महानिदेशक ग्वालियर जोन डी.श्रीनिवास वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि का अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(मध्य/यातायात) ऋषिकेश मीणा द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। तद्उपरान्त कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में रक्षित निरीक्षक पुलिस लाइन रणजीत सिंह द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को बताया गया।पुलिस परिवार सम्मेलन के दौरान एडीजीपी ग्वालियर जोन ने उपस्थित पुलिस कर्मियों के परिजनों से सीधा संवाद स्थापित किया और एक-एक कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाकर उनके निदान का भरोसा दिलाया। उनके बच्चों के संबंध में भी जानकारी ली गई। सम्मेलन के दौरान कुछ परिजनों द्वारा बच्चों के प?ने लिए लाइब्रेरी न होने के संबंध में एडीजीपी ग्वालियर जोन को अवगत कराया गया, जिस पर उनके द्वारा अति शीघ्र हजीरा स्थित डाटा सेंटर में एक लाइब्रेरी खोलने के निर्देश दिये, इस अवसर पर उन्होने बताया कि कुछ समय बाद पुलिस लाइन ग्वालियर में भी एक लाइब्रेरी और क्लास रूम बनाया जाएगा। जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारीगण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे पुलिस परिवार के बच्चों को मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर एडीजीपी ग्वालियर जोन द्वारा भी सप्ताह में एक दिन पुलिस परिजनों के बच्चों को मार्गदर्शन देने की बात कही। सम्मेलन में एसपी ग्वालियर ने कहा कि आपके बच्चों को आगे ब?ने के लिए पुलिस का पूरा सहयोग रहेगा। आपका बच्चा जिस क्षेत्र में जाना चाहता है उसे प्रोत्साहित करें। उनके द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों के परिजनों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी भी ली गई और उनका समाधान करने का भरोसा दिलाया गया। उन्होंने कहा कि हमें अच्छे वातावरण में रहना चाहिए और घर के साथ-साथ अपने परिसर की साफ सफाई का ध्यान रखें।1 मई से पुलिस लाइन ग्वालियर में समर कैम्प का शुभारंभ किया जा

# कलेक्टर कार्यालय पर धरने का पांचवा दिन, पूर्व विधायक जवाहर सिंह रावत पहुँचे



**ग्वालियर ।** कलेक्टर कार्यालय ग्वालियर के समक्ष आदिवासी अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक संगठनों का 23 सूत्रीय शांतिपूर्ण धरना आज पांचवें दिन में प्रवेश हुआ धरना स्थल पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी लगातार आकर धरना प्रदर्शन को अपना समर्थन दे रहे हैं, आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व विधायक जवाहर सिंह रावत ने आकर धरने पर बैठे लोगों के साथ उनके मुद्दों को जाना और उनके निराकरण कराने के लिए कलेक्टर और मुख्यमंत्री जी से चर्चा कर समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया26 अप्रैल से कलेक्ट्रेट जिला गवालियर पर दलित आदिवासियों के संगठनों द्वारा दिए जा रहे अनिश्चितकालीन धरने में पहुंचकर पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जवाहर सिंह रावत ने पहुंचकर सभी समस्याओं को सुना, धरना स्थल पर उपस्थित सभी संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा श्री रावत को बताया गया कि जिन 23 मुद्दों को लेकर मजबूरी बस धरने पर बैठे हैं उनमें से लगभग सभी समस्याएं जिला और संभागीय प्रशासन स्तर की है श्री रावत द्वारा आश्वस्त किया गया धरना स्थल पर बैठे दलित आदिवासी महापंचायत के प्रांतीय उपाध्यक्ष महेश मधुरिया ने भाई समस्याओं का ज्ञापन पढ़ कर सुनाया, धरने पर बैठने वालों में मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति संगठनों के अखिल भारतीय परिसंघ के प्रांतीय महासचिव नरेंद्र चौधरी, प्रांतीय प्रवक्ता जयंती लाल जाटव एडवोकेट, संभागीय अध्यक्ष इंजीनियर के वी दौहरे, जिला अध्यक्ष तरुण राजोरिया, प्रांतीय सचिव राजवीर अग्निहोत्री, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष बालकुमारी, दलित आदिवासी महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष दारा सिंह कटारे, प्रांतीय उपाध्यक्ष महेश मधुरिया प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं अजाक विकास संघ के प्रांतीय सचिव डी के गांधी, जिला अध्यक्ष गुलाब घारोन, महासचिव रमन अंब नगर पालिका कर्मचारी श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष सोनू दादोरिया विनोद पटेल सहरिया विकास परिषद के जिला अध्यक्ष करतार सिंह बदरेठिया मनोज प्रताप आदिवासी रामबरन आदिवासी दलित आदिवासी महापंचायत के संभागीय अध्यक्ष गजेंद्र बगुलिया आंदोलनकारी मोहर पाल वर्मा हुकम सिंह पोहरी, आकाश आदिवासी पोहरी, और रामकुमार आदिवासी पोहरी आदि शामिल थे आज धरने पर बैठे आंदोलनकारियों ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि हमारी 23 मांगों के अतिरिक्त और जो मांगे हैं वह सभी जिला स्तर पर निराकरण करने की है लेकिन जिला प्रशासन और संभागीय प्रशासन ग्वालियर बहाने बाजी कर रहे हैं ग्वालियर जिले में करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति में घोटाला करने वाले दलित आदिवासी विरोधी जांच में दोषी आदिम जाति कल्याण विभाग के गलत तरीके से दिए गए प्रभार के प्रभारी सहायक आयुक्त हरी बाबू शर्मा, प्रभारी संभागीय उपायुक्त उषा पाठक को निलंबित कर कठोर कार्रवाई नहीं की जाएगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा और सभी समस्याओं का निराकरण होने पर ही धरना समाप्त होगा तब तक नहीं होगा जरूरत पड़ी तो धरने को संभाग स्तर पर शुरू किया जाएगा

# प्रधान मंत्री मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम सैकड़ों महिलाओं ने उत्सव के साथ सुना

## कविता सोनी द्वारा भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित योजनाओं की दी जानकारी

**ग्वालियर ।**भारतीय जनता पार्टी की ,हरपालपुर महिला मोर्चा के द्वारा मन की बात का कार्यक्रम ब्रह्मकुमारी आश्रम में जाकर लगभग 100, महिलाओं के समूह के साथ इस कार्यक्रम को उत्सव के साथ , सुना गया , एवं इस कार्यक्रम को एक उत्साह की तरह मनाया गया ,उत्सव था प्रधान मंत्री जी के100वाँ एपिसोड की एवं सरकार के 100 महीने सफलता पूर्वक पूर्ण करने का , इस उपलक्ष्य में समाज सेविका कविता सोनी जी ने ग्वालियर से हरपालपुर पहुंच कर सभी महिलाओं को गेम खिलाकर कुछ अध्यात्म और राजनीतिक , सामाजिक , सवाल के जवाब के माध्यम से जानकारी बढ़ाने का , जिसमें सभी महिलाओं ने। बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता दी , जिसमें उन्होंने कई प्रकार के उपहार भी जीते ,



महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष प्रियंका मिश्रा जी , के द्वारा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई एवं , बी.के.आशा बहन जी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया इस , इस अवसर पर मुख्य रूप से कविता सोनी जी के द्वारा भारत सरकार , एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया , महिलाओं को आगे बढ़कर समाज में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया , एवं जल ,जन अभियान के तहत , जल बचाओ की शपथ दिलाई गई , इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रियंका मिश्रा , ज़िले की पदाधिकारी कीर्ति अग्रवाल , ज़िला मंत्री शोभा सोनी , ज़िला कार्यकारिणी मिथिला अनुरागी , पूजा सोनी , शोभा रुशिया, दीपाली मिश्रा , नीतू पाण्डे , रचना अग्रवाल, स्मृति उमरे, ओमवती , धन्नी सोनी ,आदि मातृशक्ति उपस्थित थी ,

# यातायात पुलिस ने हेलमेट जागरूकता रैली निकाली; कलेक्टर, एसपी तथा निगम आयुक्त ने लिया भाग

**ग्वालियर ।** यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। ''यातायात जागरूकता सप्ताह'' के समापन अवसर पर आज यातायात पुलिस द्वारा ''हेलमेट जागरूकता बाइक रैली'' का आयोजन किया गया। रैली प्रारम्भ से पूर्व नगर निगम ग्वालियर द्वारा चलाये जा रहे शहरी स्वच्छता संकल्प हस्ताक्षर अभियान के तहत बैनर पर उपस्थित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने हस्ताक्षर किये। उसके बाद रैली को नगर निगम ग्वालियर के एडिशनल कमिश्नर अमरसत्य गुप्ता ने पुलिस कन्ट्रोल रूम से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस ''हेलमेट जागरूकता बाइक रैली'' में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल,भापुसे, नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह, अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(मध्य/यातायात) ऋषिकेश मीणा, डीएसपी यातायात नरेश बाबू अन्नोटिया, विक्रम सिंह कनपुरिया, बैजनाथ प्रजापति सहित यातायात पुलिस व शहर के थानों के पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगणों ने दोपहिया



वाहनों पर हेलमेट लगाकर भाग लिया।ग्वालियर यातायात पुलिस द्वारा आयोजित ''हेलमेट जागरूकता बाईक रैली'' सिटी सेंटर स्थित कन्ट्रोल रूम से प्रारम्भ होकर, तानसेन तिराहा, आकाशवाणी तिराहा, सूर्य नमस्कार तिराहा, महाराजा गेट, गोले का मन्दिर, दूध डेयरी तिराहा, इन्द्रमणी नगर तिराहा, दुल्लपुर तिराहा होते हुए आकाशवाणी तिराहा से तानसेन, राजमाता तिराहा, एजी पुल, विवेकानंद तिराहा, चेतकपुरी, अचलेश्वर मंदिर, इन्दरगंज, नदीगेट, शिन्दे की छावनी होते हुए बहो?ापुर स्थित पुलिस लाइन ग्वालियर में समाप्त हुई।रैली के समापन उपरान्त पुलिस लाइन के सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में अति0 पुलिस महानिदेशक ग्वालियर जोन डी. श्रीनिवास वर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल,भापुसे एवं अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(मध्य/यातायात) ऋषिकेश मीणा की उपस्थिति में यातायात जागरुकता सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रम में अपना अमूल्य योगदान देने के लिए डॉक्टर, समाजसेवी तथा अन्य संस्थानों के पदाधिकारियों को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में डॉ0 देवेन्द्र देब?ा एवं विनोद भदौरिया द्वारा वाहन चालकों के लिए आई चेकअप कैम्प आयोजित किया था

# बड़ी धूमधाम से मना भगवान परशुराम का जन्म उत्सव सभी समाज हर्षित होकर कर रहे थे पुष्प वर्षा

## जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महान संतों के सानिध्य में विराट चल समारोह निकाला गया

**ग्वालियर ----** भगवान विष्णु के कितने अवतार भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर बड़ी ही धूमधाम से भव्य दिव्य व विराट चल समारोह निकाला गया है जहां पर सभी धर्मों के लोग एकत्रित होकर पुष्प वर्षा रहे थे इस अवसर पर दूर-दराज से आए हुए भगवान परशुराम के वंशज बड़े ही भक्ति भाव व उत्साह से हर्षित होते हुए नजर आ रहे थे जहां पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केडी सोनकिया व श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण महासंघ से इंजीनियर विजय शर्मा जी के साथ साथ विभिन्न ब्राह्मण संगठनों ने अपने अपने कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के साथ विराट चल समारोह में अचलेश्वर महादेव मंदिर से बाड़े लश्कर तक शोभा यात्रा के साथ पैदल चलकर अहम भूमिका निभाने का काम बड़े ही भक्ति भाव से किया गया इस विराट चल समारोह में सम्मिलित होकर मुरैना से रामनरेश डंडोतिया के साथ उनके अन्य साथी भी ग्वालियर पहुंचे जहां पर गाजे बाजे के साथ विराट चल समारोह में सम्मिलित हो कर जमकर झूमते, नाचते हुए आनंद प्राप्त कर रहे थे इस अवसर पर सभी ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए अपने हाथों में फरसा धारण भगवान परशुराम जी की जय जयकार कर रहे थे वह दृश्य ऐसे नजर आ रहा था मानों साक्षात भगवान परशुराम जी अवतरित हो कर समाज में विराजमान हैं इस प्रकार सभी ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने एकता दिखाते हुए विधिवत पूजा अर्चना कर अचलेश्वर महादेव मंदिर से महाराज बाड़े की ओर चल समारोह निकाला गया जहां बीच बीच में सभी समाज के पदाधिकारियों ने स्वागत वंदन करते हुए ठंडाई, नाश्ता व जलपान की व्यवस्था भी की वहीं ग्वालियर पूर्व से वर्तमान विधायक सतीश सिकरवार व मुरैना सुमावली के पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह उर्फ नीटू सिकरवार के द्वारा भी प्रति वर्ष की भांति कल भी



फ्रूटी,कोलड्रिंक, नाश्ता सहित शीतल पेय जल की व्यवस्था करते हुए चल समारोह के स्वागत वंदन अभिनंदन में शिरकत करते हुए नजर आए वहीं समाजसेवी अनिल भदौरिया द्वारा भी कार्यक्रम में भाग लिया तो वहीं ग्वालियर दक्षिण से विधायक प्रवीण पाठक भी चल समारोह कार्यक्रम में शिरकत करते हुए सभी सामाजिक विप्र बंधुओं के साथ साथ सभी लोगों से गले मिलते हुए गदगद दिखाई दे रहे थे इस प्रकार भगवान श्री परशुराम जी के विराट चल समारोह में ब्राह्मण समाज के धार्मिक,राजनैतिक, सांस्कृतिक, व्यापारी,कर्मचारी सभी एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए नजर आए तथा संतों को भगवान स्वरूप मानते हुए संतों के सानिध्य में प्रति वर्ष की भांति महाराज बाड़े पर श्री भगवान परशुराम जी की महाआरती कर कार्यक्रम संपन्न हुआ इस प्रकार भगवान श्री परशुराम जी के चल समारोह के कार्यक्रम को सफल बनाते हुए नजर आए सभी धर्मों व राजनैतिक लोगों ने भगवान का भाव रखते हुए हर्ष व्यक्त किया इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केडी सोनकिया, श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण महासंघ से इंजीनियर विजय शर्मा जी, श्यामसुंदर कटारे जी, दीपक शर्मा, रवि आनंद गौड़, राजेश नायक जी, के साथ साथ ब्राह्मण समाज की महिला शक्ति पदाधिकारी ममता कटारे जी, श्री मती अनीता रिछारिया जी, मनीषा शर्मा, अर्चना चतुर्वेदी, चंदा शर्मा, कांता शर्मा, रितु शर्मा, आकांक्षा शर्मा, लवली, माधुरी शर्मा, रेणु दुबे, दीक्षा शर्मा, मंजू शर्मा, निधि शर्मा,के साथ अन्य महिला शक्ति सहित पवन कुमार शर्मा,अवधेश शर्मा, मोहन शर्मा पुजारी जी उर्फ करू महाराज, ध्यानेंद्र शर्मा, रामनरेश डंडोतिया मुरैना से,जितेंद्र तिवारी, कपिल शर्मा, अनिरुद्ध त्रिपाठी, अनिल गौड़, पंडित दीपक शर्मा, नरेंद्र शर्मा के साथ साथ ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478